


विराट कोहली को कप्तान बना सकता है....

हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण






अलग किरदार निभाई कोंकणा सेन......

वर्ष : 12 | अंक : 329 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | शुक्रवार,06 दिसम्बर 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2


## एक नजर

### हेमंत कैबिनेट की बैठक आज, मंत्रियों के बीच विभाग का बंटवारा संभव



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब कल शुक्रवार को झारखंड मंत्री परिषद की बैठक होगी. राज्य सरकार ने प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में 3:00 बजे से कैबिनेट की बैठक बुलाने का फैसला लिया है. मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है राज्य कर्मियों का 3% डीए बढ़ाने पर भी निर्णय हो सकता है. इसके अलावा भी सड़क पुल निर्माण संबंधित योजना के मंजूरी मिल सकती है. इधर कैबिनेट विस्तार के बाद राज्य मंत्री परिषद के सभी मंत्री प्रोजेक्ट भवन पहुंचे वहां उनका स्वागत किया गया. इसके साथ ही कैबिनेट मंत्रियों के बीच विभागों के बंटवारे की तैयारी शुरू कर दी गई है।

### 50 हजार घूस लेते कल्याण विभाग का हेड क्लर्क रंगेहाथ गिरफ्तार



**रांची।** कल्याण विभाग के पदाधिकारी को एसीबी ने 50 हजार रुपया घूस लेते गिरफ्तार किया है. एसीबी ब्रांच रांची की टीम ने गुरुवार को लोहरदगा में कार्रवाई करते हुए कल्याण विभाग लोहरदगा के बड़ा बाबु राजेन्द्र उरांव को गिरफ्तार किया. इसे लेकर लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र के निरहू गांव के निवासी तौहिद खान ने एसीबी से शिकायत करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक मुस्लिम कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण के लिए 24.98 लाख रुपया राशि स्वीकृत हुआ है.तौहिद ने कहा कि कब्रिस्तान घेराबंदी का 80 प्रतिशत काम पुर्ण हो चुका है. जिसके एवज में परिवादी को 8.95 लाख रुपया भुगतान किया जा चुका है.बाबु राजेन्द्र उरांव के द्वारा आठ प्रतिशत के हिसाब से 70 हजार रुपये रिश्वत के रूप में मांगी जा रही थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 हटाने की दी इजाजत

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने एनसीआर राज्यों के मुख्य सचिवों को 5 दिसंबर को वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया ताकि यह बताया जा सके कि प्रतिबंधों के कारण बिना काम के गए निर्माण श्रमिकों को कोई निर्वाह भत्ता दिया गया था या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में गंभीर वायु गुणवत्ता से निपटने के लिए वर्तमान में लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) उपायों के चरण 4 में छूट की अनुमति दी।

# हेमंत कैबिनेट का हुआ विस्तार

# 11 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ






❑ मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की मंत्रिपरिषद का गठन, नई सरकार में 11 मंत्री गण किए गए शामिल

❑ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने स्टीफन मरांडी को झारखंड विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर एवं राज्य मंत्रिपरिषद में शामिल सदस्यों को पद और गोपनीयता की दिलाई शपथ राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार एवं शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड राज्य के मंत्री के रूप में ली शपथ

❑ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंत्रिपरिषद में शामिल सभी मंत्रीगणों को बधाई और शुभकामनाएं दी

❑ राजभवन के अशोक उद्यान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में कई सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, वरीय अधिकारी तथा कई गणमान्य रहे मौजूद

दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन के अशोक उद्यान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड विधानसभा के निर्वाचित सदस्य श्री स्टीफन मरांडी को झारखंड विधानसभा का अध्यक्ष निर्वाचित होने तक के लिए प्रोटेम स्पीकर एवं मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की नई सरकार में शामिल श्री राधाकृष्ण किशोर, श्री दीपक बिरुवा, श्री चमरा लिंडा, श्री संजय प्रसाद यादव, श्री रामदास सोरेन, श्री इरफान अंसारी, श्री हफीजुल हसन, श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह, श्री योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार एवं श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की को झारखंड राज्य के मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने प्रोटेम स्पीकर श्री स्टीफन मरांडी एवं सभी नव नियुक्त मंत्रीगणों को बधाई और शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर कई सांसद, विधायक, वरीय अधिकारी एवं गणमान्य तथा नवनियुक्त मंत्री गणों के परिजन मौजूद थे।विदित हो कि श्री हेमन्त सोरेन ने 28 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके उपरांत आज उन्होंने अपने मंत्रिपरिषद का गठन किया, जिसमें 11 मंत्री शामिल किए गए हैं। जो विधायक मंत्री बने हैं. उनमें जेएमएम से दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, सुदिव्य सोनू, हफीजुल हसन, योगेंद्र प्रसाद और चमरा लिंडा का नाम शामिल है. वहीं कांग्रेस कोटे से मंत्री बनने वालों में डॉ इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की और राधा कृष्ण किशोर शामिल हैं. जबकि आरजेडी कोटे से एक विधायक संजय प्रसाद यादव ने मंत्री पद की शपथ ली है।

**झामुमो से मंत्री :** दीपक बिरुआ,रामदास सोरेन,सुदिव्य सोनू,हफीजुल हसन,योगेंद्र प्रसाद,चमरा लिंडा

**कांग्रेस से मंत्री :** डॉ इरफान अंसारी,दीपिका पांडे सिंह,शिल्पी नेहा तिर्की,राधा कृष्ण किशोर

**राजद से मंत्री :** संजय प्रसाद यादव

## शीतकालीन सत्र : लोकसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित

### राज्यसभा में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को लोकसभा में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर विदेशी संगठनों और लोगों के माध्यम से देश की संसद, सरकार तथा अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की कोशिश का आरोप लगाया, जिस पर भारी हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे तक स्थगित करनी पड़ी. दुबे ने लोकसभा में शून्यकाल में कांग्रेस को घेरने का प्रयास करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से पूछने के लिए कुछ सवाल उठाए जिसके बाद विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया और दोनों पक्षों की नोकझोंक के बीच सदन की बैठक दोपहर करीब 12 बजकर 10 मिनट पर अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी गई. फिर सभा को तीन बजे तक और फिर



कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई. राज्यसभा में शुरूआती व्यवधान के बाद भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर चर्चा पूरी हुई।

**सरकार की उड़ान योजना नाकाम, लोग महंगाई से परेशान : विपक्ष :** राज्यसभा में गुरुवार को विपक्ष ने उड़ान योजना को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि सरकार हवाई चप्पल पहनने वाले लोगों को हवाई यात्रा कराने की बात कर रही थी लेकिन देश का आम आदमी आज महंगाई से परेशान है। भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर उच्च सदन में चर्चा के दौरान बीजू जनता दल (बीजद) सदस्य सुलता देव ने 'उड़े देश का आम आदमी' (उड़ान) योजना को लेकर सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि यह योजना नाकाम रही है क्योंकि लोग खाद्य पदार्थों सहित विभिन्न चीजों की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं, ऐसे में वे हवाई यात्रा करने की बात सिर्फ सोच ही सकते हैं।

## देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार सीएम पद की शपथ ली

### एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री की शपथ ली

एजेंसी

**मुंबई।** देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है. उन्हें मुंबई के आजाद मैदान में राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने पद की शपथ दिलाई. वह तीसरी बार राज्य के सीएम बने हैं. वहीं, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली.इस शपथ समारोह में फिल्म, उद्योग और खेल जगत की कई हस्तियां समारोह में शामिल हुईं. इनमें पीएम मोदी केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान , सलमान खान और मशहूर क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह से पहले फडणवीस मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे थे. उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर अपनी यात्रा की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, ‟महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से पहले श्री सिद्धिविनायक



के दर्शन और आशीर्वाद लिया. पूरे मन से, हमारे प्यारे राज्य की खुशी,समृद्धि और प्रगति के लिए प्रार्थना की. बप्पा हमें जिम्मेदारी और समर्पण के इस मार्ग पर शक्ति और बुद्धि के साथ मार्गदर्शन करें।

**मुंबादेवी मंदिर पहुंचे फडणवीस :** इसके बाद फडणवीस ने मुंबादेवी मंदिर भी गए और वहां से भी इसी तरह की जानकारी साझा की. उन्होंने लिखा, आई मुंबादेवी के दर्शन और आशीर्वाद पाकर धन्य महसूस कर रहा हूं. मुंबई और महाराष्ट्र की भलाई और विकास के लिए उनके चरणों में प्रार्थना की।

**बीजेपी के नेता शपथ समारोह में पहुंचे :** महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा मुंबई पहुंचे. इसके अलावा उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह भी शपथ समारोह में भाग लेने के लिए मुंबई पहुंच चुके. मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव और आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। राजानीतिक हस्तियों के साथ-साथ देवेंद्र फडणवीस के शपथ समारोह में खेल, उद्योग और फिल्म जगत के जानें माने लोग भी शामिल होने पहुंचे. इनमें क्रिकेटर सचिन तेंदुल्कर, शाहरुख खान, सलमान खान, रणवीर कपूर, आदित्या बिरला ग्रुप के चैयरमैन कुमार मंगलम और मुकेश अंबानी शामिल हैं।

## हेमंत कैबिनेट में युवाओं को तरजीह, धर्म, जाति और क्षेत्रीय संतुलन का रखा गया ख्याल



दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया. कैबिनेट में युवाओं को तरजीह दी गयी है. साथ ही संतुलन का भी ख्याल रखा गया है.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी कैबिनेट में युवाओं को विशेष तरजीह दी है. एकमात्र रामदास सोरेन हैं, जिनकी आयु 60 साल से ज्यादा है. साथ ही मंत्रियों के चयन में धर्म, जाति और क्षेत्र का विशेष ख्याल रखा गया है.झामुमो ने आदिवासी समाज को पहली प्राथमिकता दी है तो कांग्रेस ने हर वर्ग को जोड़ने की कोशिश की है. इस कैबिनेट में पांच पूर्व मंत्रियों को कंटिन्यू किया गया है तो छह नये चेहरों को मंत्री बनाया गया है.

**झामुमो ने आदिवासी को दी पहली प्राथमिकता :** झामुमो कोटे से शामिल छह मंत्रियों में दीपक बिरूआ, रामदास सोरेन और चमरा लिंडा आदिवासी समाज से आते हैं. झारखंड में संथाल, मुंडा, उरांव और हो जनजाति का ज्यादा प्रभाव है. इसको ध्यान में रखते हुए झामुमो ने 'हो' जनजाति से दीपक बिरुआ, संथाल जनजाति से रामदास सोरेन और उरांव समाज से चमरा लिंडा को मंत्री बनाया है. क्योंकि एसटी के लिए रिजर्व 28 सीटों में से झामुमो ने 21 सीटों पर चुनाव लड़ा था. इनमें से 20 सीटों पर झामुमो के प्रत्याशी जीते थे।इसलिए झामुमो ने अपने परंपरागत वोट बैंक का सम्मान करते हुए सबसे ज्यादा आदिवासी चेहरों को मंत्री बनाया है. इसके अलावा झामुमो ने सुदिव्य कुमार सोनू और योगेंद्र प्रसाद को मंत्री बनाकर ओबीसी को सेकेंड प्रायोरिटी में रखा है. साथ ही संथाल से हफीजुल हसन को कंटिन्यू कर अल्पसंख्यक वोटरों के प्रति आभार जताया है।

**झामुमो ने बनाया क्षेत्रीय संतुलन :** झामुमो के छह मंत्रियों के क्षेत्र को देखे तो रामदास सोरेन और दीपक बिरुआ के जरिए कोल्हान प्रमंडल को तरजीह दी गई है. झामुमो ने गुमला के बिशुनपुर से विधायक चमरा लिंडा को मंत्री बनाकर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल को साधा है.गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद के जरिए उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के ओबीसी तबके को खुश करने की कोशिश की गई है. वहीं हेमंत सोरेन ने मधुपुर विधायक हफीजुल हसन के जरिए संथाल के अल्पसंख्यकों को सम्मान दिया है. ऊपर से वे खुद संथाल के बरहेट से सीएम हैं।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन नई सरकार के गठन के साथ एक्शन मोड में

### झारखंड आंदोलनकारियों को दिया बड़ा तोहफा

❑ मुख्यमंत्री ने झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग, रांची द्वारा चिन्हित 299 आंदोलनकारियों की 30 वीं संपुष्ट सूची को दी मंजूरी

❑ 144 चिन्हित आंदोलनकारी / आश्रित को 35 सौ रुपए और एक आंदोलनकारी / आश्रित को 7 हजार रुपए मासिक पेंशन मिलेगा

❑ 154 आंदोलनकारियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर किया जाएगा सम्मानित सभी चिन्हित आंदोलनकारी/ आश्रित को 20 अप्रैल 2021 की तिथि से सरकार द्वारा अनुमान्य सुविधाएं मिलेंगी

दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन राज्य की बागडोर संभालने के साथ



एक्शन मोड में आ चुके हैं । उन्होंने आज नई सरकार के मंत्रिपरिषद के गठन के साथ झारखंड आंदोलनकारियों को एक बड़ा तोहफा दिया। मुख्यमंत्री ने झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग, रांची द्वारा चिन्हित 299 आंदोलनकारियों की 30 वीं संपुष्ट सूची को मंजूरी प्रदान कर दी है।इनमें 144 चिन्हित आंदोलनकारी / आश्रित को 35 सौ रुपए और एक आंदोलनकारी / आश्रित को 7 हजार रुपए मासिक पेंशन मिलेगा। वहीं, 154 आंदोलनकारियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।इन सभी को 20 अप्रैल 2021 की तिथि से सरकार द्वारा अनुमान्य सभी सुविधाएं दी जाएगी।

## कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह को इंटरपोल ने यूरोप से किया गिरफ्तार, प्रत्यर्पण के लिए प्रयास जारी

झारखंड एटीएस के रेड कॉर्नर नोटिस पर मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को यूरोप से गिरफ्तार किया गया. पुलिस सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है.






दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस का मोस्ट वांटेड अपराधी मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को यूरोप से गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस सूत्रों ने मयंक सिंह की गिरफ्तारी की पुष्टि की है. मयंक सिंह झारखंड के कुख्यात अमन साव और कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई का बेहद खास बताया जा रहा है।

**अजर बैजान से हुआ गिरफ्तार :** झारखंड पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुख्यात मयंक सिंह को यूरोप के अजर बैजान से गिरफ्तार किया गया है. मयंक सिंह को झारखंड पुलिस की सूचना पर ही गिरफ्तार किया गया. झारखंड एटीएस ने मयंक सिंह के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया था, जिसके तहत मयंक की गिरफ्तरी हुई है. पुलिस के मुताबिक कुख्यात वो फिलहाल इटंरपोल के कब्जे में है. प्रत्यर्पण के लिए प्रयास किया जा रहा है।

**लॉरेंस का बचपन का दोस्त है मयंक सिंह :** मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा अपराध की दुनिया का एक जाना माना नाम है. कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के बचपन के दोस्त मयंक सिंह का पूरा नाम सुनील सिंह मीणा है. बताया जाता है कि अपराध की दुनिया में लॉरेंस और मयंक ने एक साथ कदम रखा था. अपराध के कई मामलों में मयंक जेल भी जा चुका है, लेकिन पिछले 2 साल से वह मलेशिया में बैठकर लॉरेंस के कहने पर झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साव के साथ काम कर रहा था. अमन और लॉरेंस बिश्नोई के बीच की अहम कड़ी मयंक सिंह ही है. इंटरनेट कॉल के जरिए कारोबारियों को धमकी देना मयंक सिंह का प्रमुख काम है. मयंक सिंह सोशल मीडिया पर बेहद एक्टिव था और मलेशिया में बैठकर सोशल मीडिया के जरिए अपने गैंग को लेकर खुलकर अपने विचार भी रखता था।

**एक साल पूर्व ही मयंक की हुई पहचान :** पिछले साल तक झारखंड पुलिस के लिए मयंक सिंह एक अबूझ पहेली बना हुआ था. एटीएस की जांच में यह बात सामने आई कि इंटरनेट कॉल के जरिये झारखंड के कारोबारियों को दहशत में डालने वाला मयंक सिंह असल में सुनील कुमार मीणा है. सुनील कुमार मीणा मयंक सिंह के छदम नाम का प्रयोग कर झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साव के लिए काम करता था।

# एदला में एक ही रात दो घरों में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

दबंग हिन्द,संवाददाता



**कटकमसांडी।** कटकमसांडी थाना क्षेत्र के पंचायत बाझा के अंतर्गत ग्राम एदला में एक ही रात चोरों ने दो घरों को खंगाल लिया।ठंड के कारण बगल के इट वाला कमरे में सोने चले गए ओर मिट्टी वाला घर में ताला मारकर सभी लोग एक रूम में सो रहे थे।इस बीच ताला तोड़कर चोर कमरे में घुस गए।कमरे में रखी आलमारी व बक्से का लॉक तोड़कर उसमें रखे जेवर, नकदी व अन्य कीमती सामान समेट कर फरार हो गए।सुबह नींद खुली तो घर में चोरी होने की जानकारी मिली। जिसके घर में चोरी हुई है वह आर्थिक ओर शारीरिक दोनों से कमजोर है जिसका नाम रामसेवक राम है बता दे कि रामसेवक राम के घर में आज से पूर्व दो महीने पहले भी चोरी हो चुकी है उस समय भी नगद राशि ओर कुछ जेवरात का चोरी का अंजाम चोरों ने दिया था बता दे कि रामसेवक राम को दो साल पहले लकवा मार दिया था जिस से वह आज तक इस बीमारि से ग्रसित है ।प्रभारी निरीक्षक तरुण महतो ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है।घर के सदस्य ने बताया कि बुधवार की रात परिजन भोजन करने के बाद कमरे के अंदर सो रहे थे।रात लगभग 12 बजे से थोड़ा पहले कमरे का दरवाजा खोलकर चोर अंदर दाखिल हो गए।कमरे में रखी बक्सा का लाक तोड़कर उसमें रखे जेवर और नकद राशि चुरा लिये और सामान से भरे कुछ कुछ सामान उठा ले गए। बृहस्पतिवार भोर में जब नींद खुली तो दरवाजा खुला देखा। अंदर गए तो सारा सामान बिखरा हुआ था। खोजबीन करने लगे तो देखे सारा सामान गायब है। रामसेवक राम के अनुसार चोर सोने का हार, एक मगंलसूत्र, बिंदिया, दो कान का झुमका, पाजेब व पायल सहित कपड़े व नकदी चोर उठा ले गए जो मेरी बेटी का था ।इसी रात में चोरों ने मीणा भुइयां के मकान में भी चोरी की। कमरे का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने कुछ नहीं पाया जिस कमरा में चोर घुसे थे उस कमरा में बर्तन के अलावा कुछ नहीं था।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाया जा रहा है ,नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

दबंग हिन्द,संवाददाता



**गुमला ।** माननीय झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा गुमला जिला के विभिन्न विद्यालयों में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री ध्रुव चंद्र मिश्र ने जिले की विभिन्न विद्यालयों में नशा उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जिस क्रम में माननीय जिला जज ने आज बालक एस. एस. उच्च विद्यालय गुमला में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गुमला जिले में नशा का प्रकोप बढ़ता जा रहा है जिससे समाज को काफी क्षति हो रहा है परिवार का मुखिया शराब का सेवन करें तो पूरे परिवार बच्चों पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है ,आर्थिक तंगी झगड़े का माहौल बना रहता है, बच्चों की अच्छी शिक्षा नहीं हो पाती है ,इसलिए 'नशा को ना ' बोले और एक नशा मुक्त समाज का निर्माण करें । हमारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोगों को हर तरह का कानूनी सहायता देने के लिए तत्पर रहता है आप उसका लाभ उठाएं। माननीय सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों को विस्तृत रूप से बताया उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर नालसा राज्य स्तर पर सालसा और जिला स्तर पर डालसा होता है तथा डालसा के द्वारा कोई मामले में फंसे असहाय व्यक्ति को मुफ्त में अधिवक्ता उपलब्ध करता है तथा कानून की जानकारी एवं जागरूकता अभियान चलता है और पीड़ित को मुआवजा राशि भी दिया जाता है । गुमला में बच्चों एवं बड़ों में नशे की लत बढ़ती जा रही है जिसे रोकना आवश्यक है ।उन्होंने बच्चों से कहा कि पिता यदि शराब पीते हैं तो उन्हें बचत करने के बारे में बताएं ताकि उनका शराब की लत छूट सके और नौजवान नशे की लत में ना पड़े और अच्छी पढ़ाई कर अच्छे नागरिक बनकर देश एवं जनता की सेवा करें बच्चे कल के भविष्य हैं।

लीगल एड डिफेंस काउंसिल के प्रमुख श्री डी एन ओहदर ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों के ऊपर समाज की कुरीतियों को हटाने की जिम्मेवारी है क्योंकि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं।

सभा का संचालन अस्थाई लोक अदालत के पूर्व सदस्य श्री शंभू सिंह ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील टोप्पो ,अध्यापिका प्रीति रोज बाड़ा ,दीपिका किंडो, तथा अध्यापक अनुरंजन सोरेन और पीएलबी तेतरू उराव, पारस कुमार तथा विद्यालय के बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

## एक नजर

### बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे आक्रमण पर शहर में आक्रोश मार्च निकाला गया



**रामगढ़।** राष्ट्रीय सनातन समाज के बैनर तले आक्रोश मार्च गुरुवार को निकाला गया। जो सिद्धू कान्हू मैदान से शुरू होकर सुभाष चौक स्थित मां विघ्नेश्वरी मंदिर पहुँची।वही सुभाष चौक स्थित मां विघ्नेश्वरी मंदिर पहुँचते ही धरणा में तब्दील हो गया। जिसमें विभिन्न वक्ताओं के द्वारा बांग्लादेश में सनातनी समाज पर हिंदू,सिख,जैन,बौद्ध एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार पर चिंता व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी भर्त्सना किया गया। धरना में मुख्य वक्त संजीत कुमार के द्वारा कहा गया कि बांग्लादेश के सनातनी समाज ( हिंदू,सिख,जैन,बौद्ध एवं अन्य सभी अल्पसंख्यकों द्वारा स्वरक्षण हेतु लोकतांत्रिक पद्धति से उठायी गई आवाज को दबाने हेतु उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है। ऐसे ही शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है। इस महत्वपूर्ण समय में भारत तथा वैश्विक समुदाय एवं संस्थाएँ बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े होकर अपना समर्थन प्रकट करना चाहिए तथा अपनी-अपनी सरकारों से इस हेतु हर संभव प्रयासों की माँग करना विश्व शांति एवं भाईचारे हेतु आवश्यक है। इस मौके पर रिशु मुंडा, चन्द्र शेखर , प्रमोद लाल, मनोज पोद्दार, विभिन्न संगठनों के लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।इसके पश्चताप प्रतिनिधि मंडल के द्वारा उपायुक्त को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। इस कार्यक्रम में संयोजक राजेश ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस आक्रोश मार्च में शत्रुघ्न प्रसाद, चन्द्र बहादुर ,विश्वजीत कुमार,आकाश कुमार, डॉ संदीप मालिक, बीजू गोयनका, प्रभात अग्रवाल, अनमोल सिंह, छोटू वर्मा, विनोद जायसवाल, अंशु पांडे, मनीष अग्रवाल, जनवीजय सिंह, पीयूष चौधरी, कुणाल दास, दिलीप नायक, अमित ठाकुर, अनामिका श्रीवास्तव, भानु देवी, गीता कुमारी, सबिता देवी, शीतल सिंह, नीलम देवी, शशि शेखर आदि अनेको शामिल थे।

### झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में सिक्कों की कमी से अभिवहावक है नाराज



**दारु।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हरली स्कूल में 130 छात्रा पढ़ रही है। इस विद्यालय में अध्यनरत छात्रावों को पढ़ाने के लिए एक वार्डन सहित कुल तीन शिक्षिका है। यहाँ कम संख्या में शिक्षिका रहने के कारण छात्रावो की पढ़ाई सही ढंग से नही हो पा रही है। विद्यालय में ठीक से पढ़ाई नहीं होने के कारण यहां के अभिभावकों में भारी नाराजगी और गुस्सा दिखा जा रहा है। विद्यालय परिसर में गुरुवार को शिक्षक और अभिभावकों की बैठक बुलाई गई थी इसमे बैठक में अभिभावक काफी गुस्सा में नाजा आये, उनका कहना था कि वह अपने बच्चों को यहां रखकर आवासीय शिक्षा दिलाने का प्रयास कर रहे हैं पर जब विद्यालय में शिक्षिका पुरी रहेंगे नहीं तो पढ़ाई बच्चों के कैसे होगी । यहाँ पढ़ने वाली छात्राओं का रिजल्ट खराब होगा और जिस कारण उनका करियर भी खराब हो सकता है। हरली के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार वर्मा ने कहा कि पिछले एक वर्षों से वह लोगों के साथ मिलकर यहां के शिक्षकों की संख्या बढ़ाने की मांग विभाग से कर रहे हैं पर अब तक विभाग इस तरफ पुरा ध्यान नहीं दे रहा है। शिक्षक अभिभावक बैठक के दौरान अभिभावक काफी गुस्से में जा रहे थे और उनका कहना क्या यहां पर शिक्षकों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो अपने बच्चों को विद्यालय से हटा लेंगे ताकि उनका करियर बर्बाद ना हो। इस बारे में वार्डन चंचला कुमारी ने बताया कि बहुत आग्रह करने के बाद दो शिक्षक विद्यालय को दिया गया। यहां पर कुल 11 शिक्षक होने चाहिए जबकि यह तीन ही शिक्षक उपलब्ध है इस कारण पढ़ाई बच्चों की बाधित हो रही है और पूरी तरह से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।

### संथाल समाज की अस्मिता के लिए मांझी और जाहर थान का संरक्षण आवश्यक: बाबूलाल मरांडी




**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल समाज की अस्मिता और संस्कृति उनके पवित्र पूजा स्थल जाहर थान और मांझी थान से जुड़े हैं. मरांडी गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में इन पूजा स्थलों पर शिलान्यास के बीद मीडिया से बातचीत में कहा कि आज अपने गांव कोदईबांक के मुहाने पर मांझी थान ( संताल आदिवासी समाज के पूजा स्थल ) के शिलान्यास का सौभाग्य प्राप्त हुआ. संथालों का दो ही पूजा स्थल होता है, एक जाहेर थान और दूसरा मांझी थान. ये हमारे संताल समाज की पवित्र पहचान है. अगर गांव से मांझी थान और जाहेर थान समाप्त हो जाएगा, तो संथाल जाति भी समाप्त हो जाएगी. हम तभी तक संथाल हैं, जब तक हम जाहेर थान-मरांग बुरू को पूजते हैं. जाहेर थान में मरांग बुरू की पूजा संथालों की पहचान है. ठीक वैसे ही, हम पिलचु हाड़म और पिलचु बूढ़ी के वंशज हैं और उनकी आराधना करते हैं. यही हमारी जड़ें, हमारी परंपरा और हमारे संथाल होने की सबसे बड़ी पहचान है।

### घाघरा चामरा लिंडा के मंत्री बनाये जाने पर जे एम एम के नेताओं की आतिशबाजी



**घाघरा।** घाघरा चांदनी चौक में गुरुवार को विशनपुर विधायक चमरा लिंडा को मंत्री पद का शपथ लेने पर झामुमो कार्यकर्ताओ ने मनाया जश्न किया आतिशबाजी,लोगों को दी बधाई बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा के मंत्री पद का शपथ लेते ही झामुमो कार्यकताओं में खुशी की लहर है ।कार्यकताओं ने खूब आतिशबाजी की चमरा लिंडा जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए गए। मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दिया। इस दौरान शहीद देवनारायण भगत के प्रतिमा पर कार्यकताओं के द्वारा माल्यार्पण भी किया गया ।वही झामुमो के नेताओं अशोक उराँव ने कहा कि क्षेत्र की जनता विधायक चमरा लिंडा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाया है। अब उन्हें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। निश्चित तौर पर क्षेत्र का विकास होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से अशोक उरांव, सतवंती देवी, संजीव उरांव, विनोद उरांव, कामाख्या भगत, सत्येंद्र उरांव, कमल कुजूर,बलि कुमार, बेचन भगत, श्याम साहू, दिलबंधु मांझी,सेराज अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।।

# 355 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



दबंग हिन्द,संवाददाता

**चाईबासा।** बुधवार को मारवाड़ी हिंदी मध्य विद्यालय चाईबासा के सभागार में उनी वस्त्र का वितरण समारोह का आयोजन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सदर चाईबासा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह, माता समिति के अध्यक्ष मेवा लाल होनहागा, आइसीआइसीआइ बैंक के पदाधिकारी सोमनाथ झा एवं चेतन की उपस्थिति में किया गया।

रुंगटा संस प्राइवेट लिमिटेड चाईबासा की ओर से विद्यालय में अध्यनरत सभी 355 छात्रों के बीच ऊनी वस्त्र व स्वेटर का वितरण किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि स्वर्गीय सीताराम रुंगटा का शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने शिक्षा के उत्थान के लिए मांगीलाल रूंगटा उच्च विद्यालय एवं महिला कॉलेज की स्थापना की, टाटा कॉलेज की स्थापना में भी उनका बड़ा योगदान रहा।

उनके इस पुनीत कार्य की परंपरा को वर्तमान पीढ़ी भी निभा रही है।

मेवा लाल होनहागा ने विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को ठंड में स्वेटर उपलब्ध कराने की प्रशंसा की, प्रधानाध्यापक निर्मल चंद्र त्रिपाठी ने रुंगटा संसं प्राइवेट लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष विद्यालय के सभी छात्रों को स्वेटर उपलब्ध कराया गया है।

यह विद्यालय सहायता प्राप्त है और सरकार की ओर से छात्रों को पोशाक स्वेटर आदि की सुविधा का प्रावधान नहीं है, ऐसे में स्वेटर का वितरण करने जैसे कार्य की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है।

# सौंदा डी में खुला प्रज्ञा केंद्र, पीएनबी के सौदा डी शाखा प्रबंधक ने किया उद्घाटन

- आधार, पैन कार्ड, टिक बुकिंग सहित नौकरी व सभी तरह के योजनाओं का भरा जायेगा फॉर्म

दबंग हिन्द,संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी मेन रोड स्थित सीसीएल कैंटीन के बगल में बुधवार को सौन्दा डी पैक्स के माध्यम से खुले प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन हुआ।केंद्र का उद्घाटन पंजाब नेशनल बैंक सौंदा डी के शाखा प्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने विधिवत फीता काटकर किया। इसके बाद सौंदा डी पैक्स अध्यक्ष रेनु सिंह, समाजसेवी अनिल सिंह, कार्यालय की संचालिका नीलम चौहान एवं काजल कौर की उपथिति में पीके श्रीवास्तव ने कंप्यूटर का स्विच ऑन कर कार्य का शुभारंभ कराया। मौके पर पीएनबी के सौंदा डी शाखा प्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रज्ञा केंद्र खुलने से जनता को विभिन्न कार्यों के लिए दूसरे पंचायत में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों के लिए सौंदा डी का प्रज्ञा केंद्र काफी लाभकारी सिद्ध होगा। बताया गया कि प्रज्ञा केंद्र का आईडी दिलवाने में पतरातू प्रखंड के बीसीओ सुरेंद्र नाथ द्विवेदी का योगदान रहा। वहीं पतरातू प्रखंड के पैक्स से आम जनता को जोड़ने एवं जिला सहकारिता विभाग से लाभ दिलाने का कार्य सुरेंद्र नाथ द्विवेदी द्वारा किया जा रहा है। बताया गया कि इस प्रज्ञा केंद्र में आधार कार्ड में सुधार, नया पैन कार्ड बनाने, विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी नौकरियों का ऑनलाइन फॉर्म भरने, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाने, रेलवे एवं हवाई जहाज का टिकट बुकिंग, आधार कार्ड से पैसा निकासी की बैंकिंग सुविधा, फोटो कॉपी, पासपोर्ट साइज का वाईट और रंगीन फोटो निकालने, सभी तरह के पेंशनधारियों का ऑनलाइन करने, मंईया सम्मान योजना का फॉर्म भरने, पेंशन के लिए जीवित प्रमाण-पत्र बनाने सहित सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सभी प्रकार के फॉर्म भरे जायेंगे। मौके पर समाजसेवी अनिल सिंह, दशरथ कुर्मी, पीएनबी के उपप्रबंधक धीरज राज, बैजनाथ शाह, निखिल राज, प्रदीप कुमार, संजय यादव, राजगिरि चौधरी, कालिका प्रसाद, दिलीप जायसवाल, अजय सिंह, अलीमाम, सुनील कुमार, ताराकांत सिंह, गुड्डू शर्मा, दशरथ सिंह, अभय बख्शी, विनोद कुमार, शकील अंसारी, विद्यासागर पासवान, शिव कुमार यादव, रिंकू अग्रवाल, परदेसी नोनिया, संतोष कुमार, राजेंद्र मुंडा, अरविंद साव, अमन कुमार, शिवपूजन पांडेय सहित कई लोग मौजूद थें।

# यूसिल के नए वित्त निदेशक विक्रम केसरी दास इसी माह देंगे योगदान



**जादूगोड़ा ।** यूसिल के नए स्थाई वित्त निदेशक विक्रम केसरी दास इसी माह योगदान कर सकते हैं. कंपनी के वित्त निदेशक ( अतिरिक्त प्रभार ) शारदा भूषण मोहंती का चयन मुंबई की आईआरईएल कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के पद पर हुआ है. ऐसे में यूसिल के नए स्थाई वित्त निदेशक विक्रम केसरी दास इसी माह पद पर योगदान देंगे. दास इसके पूर्व एनएलसी इंडिया लिमिटेड में महाप्रबंधक वित्त के पद पर थे. सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड ने उनका चयन यूसिल में वित्त निदेशक के पद पर किया है।

# प्रखंड व अंचल कार्यालय में सभी समस्याओं का समाधान होता है: रोशन लाल चौधरी



दबंग हिन्द,संवाददाता

**बड़कागांव।** नवनिर्वाचित बड़कागांव भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी ने पहली बार बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय पहुंचे जहां पदाधिकारी व कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया । प्रखंड कार्यालय में स्थित विधायक कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया । इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि जनता की जो यहां समस्याएं आती है। आप उसका समाधान निश्चित रूप से करें , मेरा हमेशा आपके प्रति हमारा सकारात्मक पहल रहेगा। हम आपके साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। लेकिन जो सही काम जनता का करे हम नहीं कहते हैं कि आप गलत काम करें। जनता के हक अधिकार है , वह उन्हें मिलना चाहिए । और वह काम करे । अगर जनता की काम नहीं होती है तो आप पर भी आरोप लगेगा और हमें भी कहेगा कि विधायक यह काम नहीं कर पाए हैं। आगे उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान प्रखंड व अंचल कार्यालय में ही मिलता है। खास करके प्रखंड से संबंधित समस्या यदि आपको लगता है कि जिला व राज्य में हमारे माध्यम से कोई काम हो सकता है तो आप जरूर बोले ऐसा नहीं कि उसके चलते काम रुक जाए। आज बड़कागांव विधानसभा की जनता ने हमें जो अपार समर्थन दिया है । हम जनता की सेवक बनाकर उनकी सेवा करना चाहते हैं ।जनता को हम सभी पॉजिटिव सोच के साथ कार्य करें। हम उनके साथ हैं। कार्यक्रम की का संचालन पंचायत समिति सदस्य सह पत्रकार रितेश ठाकुर ने किया। प्रमुख फुलवा देवी,प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल अंचलाधिकारी मनोज कुमार वा नेताओं एवं कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित विधायक को बुके देकर व माला पहनकर स्वागत किया।

# उग्रवादी हिंसा के मृत्युपरांत उनके आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर मिली नौकरी



**गुमला ।** जिसके तहत उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में आश्रित को अपने हाथों से नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

पूर्व में हुए जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में स्व० आमुस केरकेट्टा, कामडारा प्रखण्ड निवासी के आश्रित बेटी सुश्री बेरोनिका केरकेट्टा को अनुकम्पा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यतानुसार तृतीय वर्ग के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रतिनिधिमंडल ने बैंक के शाखा प्रबंधक से की मुलाकात



दबंग हिन्द,संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** वरिष्ठ नागरिक मंच भुरकुंडा के एक प्रतिनिधिमंडल ने बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक माधुरी कुमारी और बैंक ऑफ बडौदा भुरकुंडा के शाखा प्रबंधक वरुण कुमार गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान मंच के लोगों ने बैंक शाखा में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही आग्रह किया कि वरिष्ठ नागरिक खाता धारक को कतार में लगाकर लेनदेन करने में असुविधा होती है, जिसे दूर किया जाए। दोनों शाखा प्रबंधकों ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि हमारे बैंक में वरिष्ठ नागरिकों के लिए डेक्स एवं बैठने की सुविधा उपलब्ध है। किसी भी वरिष्ठ नागरिक को असुविधा होने पर शाखा प्रबंधक से मुलाकात कर सकते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में अशोक कुमार चौहान, राजेन्द्र प्रसाद राणा, कल्याण प्रसाद मुखर्जी, कृष्णा कुमार सिंह, नरेश कुमार त्रेहन, आरएन सरकार, अमन कुमार आदि शामिल थें।


# जुबिली कॉलेज के खिलाड़ियों का बिनोबा भावे अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रहा उत्कृष्ट प्रर्दर्शन, जीत का लहराया पहचम

दबंग हिन्द,संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिनोबा भावे अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (2024-2025) में जुबिली कॉलेज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल सात मेडल जीते हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कॉलेज परिवार सहित कोयलांचल भुरकुंडावासियों में हर्ष का माहौल है। लोगों ने खिलाड़ियों के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एकेएस झा ने बताया कि बिनोबा भावे अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (2024-2025) के लिए जुबिली महाविद्यालय से 16 प्रतिभागीयों ने संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग में 4 से 6 दिसंबर तक आयोजित में भाग लिये थें। जिसमें जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा के खिलाड़ियों ने तीन गोल्ड, एक सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने माता-पिता, क्षेत्र सहित कॉलेज परिवार को गौरवान्वित कराया है। प्रतियोगिता के 1500 व 5000 मीटर दौड़ में आएसा कुमारी को गोल्ड मेडल मिला है। वहीं भाला फेक में अंजली कुमारी को गोल्ड और डिस्कस थो में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ है। जबकि सोनी कुमारी को 400 मिटर हर्डल में सिल्वर मेडल, मिक्सड रीले में ब्रॉन्ज और महिला रीले में ब्रॉन्ज मेडल मिला। वहीं बिनोबा भावे अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता (2024-25) में जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा को सिल्वर मेडल मिला है। प्राचार्य डॉ. एकेएस झा ने कहा कि हमारे कॉलेज के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अव्वल हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हो इसके लिए कॉलेज प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। प्रतिभागियों के जीत पर प्राचार्य डॉ एकेएस झा एवं खेल विभागाध्यक्ष मनोज प्रसाद सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। साथ ही खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अंतर जिला 14 क्रिकेट टूनार्मेंट कोडरमा की टीम सरायकेला खरसावां को 334 रनों के विशाल अंतर से हराया



दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला ।** जेएससीए अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट टूनार्मेंट लीग स्तर के आखिरी मुकाबले में गुरुवार को कोडरमा ने सरायकेला खरसावां को 334 रनों के विशाल अंतर से शिकस्त दिया। जिला मुख्यालय के शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला क्रिकेट मुकाबले में खरसावां की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया। कोडरमा की ओर से पारी की शुरूआत करते हुए सूरज कुमार मंडल ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए महज 80 गेंद पर 172 रनों की आकर्षक शतकीय पारी खेली। सूरज ने अपनी पारी में 29 चौके व तीन छक्के लगाये। टीम की ओर से प्रिंस कुमार ने 38 व प्रिंस कुमार केशरी ने 36 रन बनाये। हार्दिक कुमार की 24 रनों की पारी के बदौलत 35.4 ओवर में सभी विकेट गवा कर कोडरमा ने 386 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सरायकेला खरसावां की ओर से बीबन कुमार ने 4 व अमन मिश्रा ने 2 विकेट हासिल किया। जवाबी पारी खेलने उतरी सरायकेला खरसावां की पूरी टीम 17.4 ओवर में 52 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से आयुष यादव ने दहाई का आंकड़ा छूकर 10 रन बनाये। कोडरमा की ओर से हमजा समीर ने 7.4 ओवर में 17 रन देकर 5 विकेट चटकाये। प्रिंस कुमार को 3 विकेट मिला। उम्दा प्रदर्शन के लिए हमजा समीर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पारितोषिक वितरण में विशेष रूप से मौजूद जेएससीए के संयुक्त सचिव पीएन सिंह ने प्लेयर ऑफ द डे समीर को 5000 नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर जिला संघ के सचिव जितेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, आकाश आनंद, लाल चंद्रशेखर, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, आयुष अग्रवाल, यमुना झा, मधुसूदन उरांव,शशि कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## बीएसएल में संविदा कर्मियों के लिए सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना आरंभ लाभार्थियों को दिया गया पॉलिसी का प्रमाण पत्र

दबंग हिन्द, संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल में कार्यरत ठेका श्रमिक हमारे कार्यबल के अभिन्न अंग है और बोकारो स्टील प्लांट उनके तथा उनके परिवार के सदस्यों का कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है इस संबंध में कई योजनाओं की पहल की गई है और उसका कार्यान्वयन भी किया जा रहा है इस क्रम में हाल ही में संविदा कर्मियों के लिए सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना की पहल की गई थी जिसके चार लाभार्थियों को निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा पॉलिसी प्रमाण पत्र का वितरण कर सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना की औपचारिक शुरुआत की गई इस मौके पर अधिशासी निदेशक श्री महापात्र अधिशासी निदेशक सुरेश रंगनी अधिशासी निदेशक प्रभारी राजन प्रसाद अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी अधिशासी निदेशक विकास मनवटी सहित वरिष्ठ अधिकारी तथा कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन की ओर से जगदीश चौधरी सुनील कुमार महतो मधुकर अरविंद सिंह अवधेश कुमार सिंह अशोक तिवारी उपस्थित थे। मौके पर मुख्य महाप्रबंधक हरिमोहन झा ने योजना की विस्तृत जानकारी दी वहीं



निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने कहा कि सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना संविदा कर्मियों तथा उनके परिवार के सदस्यों के कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम है उन्होंने बीएसएल द्वारा कॉन्ट्रैक्ट लेबर मैनेजमेंट और संविदा कर्मियों का कल्याण की दिशा में किया जा रहे हैं विभिन्न पल में सहयोग करने के लिए कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन की सराहना की ज्ञात होगी संविदा कर्मियों के लिए सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना को बीमा पॉलिसी बोकारो वेलफेयर ट्रस्ट जो कि संविदा कर्मियों का एक पंजीकृत ट्रस्ट है द्वारा प्राप्त की गई है सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना संविदा कर्मी की मृत्यु की स्थिति में 10 लाख रुपए का वार्षिक बीमा कवर प्रदान करती है लगभग 12000 संविदा कर्मचारियों को इस पॉलिसी के तहत बीमाकृत किया गया है ।

# आम जनों तक यह संदेश पहुंचाएं की बेटी है वरदान ना करो उसका अपमानः डीसी



दबंग हिन्द, संवाददाता

**बोकारो ।** पीसी पीएनडीटी एक्ट जिला सलाहकार समिति की बैठक में उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि आम जनों तक यह संदेश पहुंचाएं की बेटी है वरदान ना करो उसका अपमान उन्हें जागरूक करने को कहा उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत लिंग जांच करवाना अपराध है अगर कोई क्लिनिक इसका उल्लंघन करता है तो इसकी जानकारी देने वाले मुखबिर को 40000 गर्भवती महिला को 40000 और सहयोगी को 20000 पुरस्कार दिए जाने का प्रावधान है उन्होंने आम जनों से ऐसे मामलों के शिकायत करने की अपील की बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि इस कानून का पालन नहीं करने वालों पर शक्ति से कार्रवाई करें उन्होंने सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में सीसीटीवी लगवाने का निर्देश दिया बैठक में नोडल पदाधिकारी ने बताया कि टीम के लगातार प्रयास से क्लिनिक द्वारा फॉर्म ऐप को भरा जा रहा है समय-समय पर इसकी जांच अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में टीम द्वारा एक्ट का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है बैठक में पिछली बैठक से अब तक किए गए निरीक्षण कार्रवाई से भी समिति को अवगत कराया गया इस मौके पर इस कानून के संबंध में कानूनी सलाहकार प्रियंका सिंघल ने विस्तार से समिति के सदस्यों को अवगत कराया।

## अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ दांत आवश्यकः डॉ संजीव

दबंग हिन्द, संवाददाता

**चास ।** रोटरी क्लब चास द्वारा गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, चास के बच्चों के लिए मुफ्त दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 1200 बच्चों के दांतों की जांच की गई। इसमें 70% बच्चों के दांतों में सड़न सहित अन्य दंतरोग से ग्रस्त पाए गए। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए बच्चों का स्वस्थ रहना आवश्यक है।कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजीव कुमार चंदन ने बच्चों को दांतों की नियमित सफाई एवं देखभाल के लिए प्रेरित किया। डॉ संजीव ने दांत सुरक्षा के उपायों की जानकारी बच्चों को देते हुए कहा की चेहरे की खूबसूरती और अच्छी सेहत का संबंध सुंदर एवं स्वास्थ्य दांतों से है।डॉ प्रशांत कुमार ने कहा की शरीर के अन्य अंगों के साथ दांत की हिफाजत किया जाना अति आवश्यक है। प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने रोटरी क्लब चास की प्रशंसा करते हुए कहा की ऐसेजागरूकता



कार्यक्रम के निरंतरता की जरूरत है।संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह ने भी शिविर का जायजा लिया। शिक्षिका उषा कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में बोकारो डेंटल एसोसिएशन के डॉ सुमित कुमार, डॉ प्रवीण प्रभाकर, डॉ संतोष कुमार, डॉ सीताराम महतो, डॉ अमित कुमार, डॉ देवेंद्र राय, डॉ प्रवीण मिश्रा, डॉ जॉन लिय्यू, डॉ संजय कुमार, डॉ आदर्श पाराशर, डॉ अभिषेक अरुणदीप, डॉ शालू कुमारी, डॉ विशाखा शर्मा, डॉ ऋचा, डॉ ईशा, डॉ को शिल, डॉ अन्नु आदि डॉक्टरों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।मौके पर रोटरी क्लब के संजय बैद, कुमार अमरदीप चनप्रीत सिंह, बिनय सिंह, उषा कुमार, पूजा बैद, ललिता चोपड़ा, रितु अग्रवाल, भी उपस्थित थे।

## राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वेलकम कम इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित





दबंग हिन्द, संवाददाता

**चास ।** डॉ एस राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजूकेशन महाविद्यालय परिसर में वेलकम कम इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि चिन्मय विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का आरंभ किया कार्यक्रम में बीएड के नए प्रशिक्षु का स्वागत गन नृत्य नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया गया महाविद्यालय के प्रबंधक सदस्य प्रकाश कोठारी के द्वारा शिक्षा के महत्व की जानकारी दी गई इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गायत्री कुमारी द्वारा कहा गया की 2 वर्षीय पाठ्यक्रम में वह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है जो उन्हें एक सफल शिक्षक बनने और अपनी प्रतिभा को विभिन्न क्षेत्रों में दशार्ने का मौका मिले मुख्य अतिथि महेश त्रिपाठी ने सभी नए प्रशिक्षु को परिचय पत्र और सिलेबस प्रदान किया और कहा कि शिक्षक और शिक्षा एक मिशन है जहां न केवल सूचना और ज्ञान की प्राप्ति होती है बल्कि यहां समग्र रूप से विकसित करने में मदद किया जाता है ताकि एक सफल नागरिक का निर्माण हो सके इस मौके पर सहायक प्राध्यपी का डॉक्टर कुमारी चायना दे ने धन्यवाद ज्ञापन किया मौके पर शेषनाथ कुमार रिया कुमारी द्वारा मंच संचालन किया गया कार्यक्रम में महाविद्यालय का अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी सचिव राजकुमार प्रबंधक सदस्य प्रकाश कोठारी सहित समस्त व्याख्याता एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

## डॉ अमृत लाल मिर्धा के निधन पर शोक की लहर

**तेनुघाट।** तेनुघाट के चर्चित डॉक्टर अमृत लाल मिर्धा का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया। जिससे तेनुघाट सहित घरवाटांड़, खेतको, चांपी, अलगड्डा, पतकी पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक का लहर छा गयी है लोग काफी मर्माहत हैं। डॉक्टर मिर्धा बहुत ही मृदुल स्वभाव और मिलनसार व्यक्ति थे । वे लगभग वर्ष 1990 से चांदसी दवाखाना के नाम से क्लिनिक चला रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्री, एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए।इस मौके मुखिया नीलम श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, तेज नारायण तिवारी, सतीश प्रसाद, उमेश प्रसाद, बैद्यनाथ शर्मा, वेंकट हरि विश्वनाथन, प्रशांत पाल, पंकज पाठक, मिथलेश कुमार, मुकेश कुमार, नागेश्वर गुप्ता, मनोज गुप्ता, मदन पासवान, महेश प्रसाद ने मृतक के परिवार का ढाढस बढ़ाया।

# समग्र विकास के लिए कलात्मक गुणों का विकास आवश्यक : डॉ. गंगवार

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ तीन दिवसीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

दबंग हिन्द, संवाददाता

**बोकारो।** विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के साथ-साथ उनमें कलात्मक व रचनात्मक गुणों के विकास को लेकर दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय के प्राइमरी विंग में आयोजित तीन-दिवसीय इस प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता में शामिल नन्हे छात्र-छात्राओं की मनोहारी वेशभूषा, उनकी सुंदर रूप-सज्जा, मासूम अदाकारी और तोतली जुबान में उनके संवाद-प्रेषण ने खूब लुभाया। तीन दिनों की अवधि में 400 से अधिक बच्चों ने अलग-अलग समूहों में विभिन्न श्रेणियों के तहत अपनी प्रस्तुतियां देकर सबकी भरपूर सराहना



बटोरी।प्रतियोगिता के पहले दिन प्रथम कक्षा के कई विद्यार्थी शेर, हाथी, अजगर, उल्लू दरियाई घोड़ा, बाघ, पांडा, मछली सहित भांति-भांति के पशु-पक्षी, जलीय जीव व पेड़-पौधे का रूप धर आए और लुप्तप्राय प्राणियों की अस्तित्व-रक्षा तथा प्रकृति बचाने का संदेश दिया। कई बच्चे नेताजी सुभाषचंद्र बोस, झांसी की रानी, स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मदर टेरेसा के वेश में आए। इसके अलावा, जूट, पेपर क्राफ्ट, अखबार, बोरा आदि वस्तुओं से बने परिधानों में बच्चों ने अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोग के लायक बनाने की कला समझाई।दूसरे दिन कक्षा प्रेप के कुछ प्रतिभागी झारखंडी, राजस्थानी, आदिम जनजाति, पंजाबी आदि वेशभूषा में सजकर आए, जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत चित्रण किया।, तीसरे दिन गुरुवार को नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों ने पायलट, पुलिसकर्मी, कूली, चिकित्सक, चालक, ग्वाला आदि सामुदायिक सहयोगियों के रूप में उनकी महत्ता व उनके सम्मान पर बल दिया। बच्चों ने कीट-पतंगों तथा फूल व पेड़ों के रूप में भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में समूहवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल बच्चों की प्रतिभा विकसित होती है, बल्कि वे अपने आसपास के वातावरण, समाज आदि से अवगत भी हो पाते है। उन्होंने कहा कि हरेक बच्चे में कुछ न कुछ प्रतिभा छिपी होती है, जिसे उभारकर निखारने की जरूरत है।

## ग्रीन ऊर्जा सोलर प्लांट निर्माण को सीसीएल व सीएमपीडीआई की टीम ने किया निरीक्षण



दबंग हिन्द, संवाददाता

**फुसरो ।** भारत सरकार के सोलर मिशन के तहत ग्रीन ऊर्जा के लिए सीसीएल मुख्यालय, सीएमपीडीआई व सीसीएल बोकारो एवं कारगली प्रक्षेत्र के टीम संयुक्त रूप से पेटरवार प्रखंड के चलकरी दक्षिणी पंचायत के हरलोडीह एवं जरीडीह बाजार के समीप बंद माइंस का निरीक्षण कर ग्रीन ऊर्जा संचालित करने के लिए रिपोर्ट तैयार किया गया। उक्त टीम का नेतृत्व सीसीएल मुख्यालय रांची महाप्रबंधक विधुत एवं यांत्रिक सुमित्रा कर रही थीं। उन्होंने बताया कि सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के चलकरी मे सीसीएल द्वारा अधिग्रहण की गई जमीन में लगभग 70 करोड़ की लागत से सोलर प्लांट लगाने को लेकर सीसीएल अधिकारियों ने निरीक्षण किया। बताया के केंद्र सरकार का कोल इंडिया के साथ समझौता हुआ है जिसमें सोलर मिशन के तहत ग्रीन ऊर्जा के माध्यम से गावों को बिजली उपलब्ध कराई जायेगी। संभवतः अगले छ माह में सोलर प्लांट लगाने का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। चलकरी में चार यूनिट का निर्माण किया जायेगा जिसमें ए, बी, सी, व डी के नाम से जाना जायेगा। इधर ग्रामीणों में काफी खुशी है। मौके पर बीएंडके क्षेत्र के महाप्रबंधक के रामाकृष्णा, क्षेत्रीय विद्युत एवं यांत्रिक पदाधिकारी जय शंकर प्रसाद, भू राजस्व पदाधिकारी बी के ठाकुर, पीई ईएंडएम कुनाल कुमार, विवेक कुमार; रणवीर रंजन, राहुल कुमार व अनिमेश कुमार, कुमार राकेश चंद्रा, शंकर नायक आदि कई अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

# दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला मे 2000 से अधिक अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा 48 का हुआ चयन

दबंग हिन्द, संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड सरकार श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा अवर प्रादेशिक योजनालय बोकारो की ओर से दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन राजकीय कृत उच्च विद्यालय मैदान जैना मोर परिसर में किया गया। मेला में कुल 15 नियोजन द्वारा भाग लेने के लिए सहमति प्रदान की गई थी जिसमें सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस बोकारो स्टील सिटी लाइफ लाइन हॉस्पिटल बायपास रोड चास दिनेश कंस्ट्रक्शन सेक्टर 2 अमित स्टील इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड इंडस्ट्रियल एरिया दुर्गा एंटरप्राइजेज बोकारो क्राफ्ट ऑटो सर्विसेज इंडस्ट्रियल एरिया बोकारो एसोसिएटेड प्लेट्स एंड बेसिल प्राइवेट लिमिटेड बोकारो एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बोकारो भारतीय जीवन बीमा निगम एवं एएसएसपीएल रांची एस आई एस धनबाद शामिल हुए हां जी समय कॉल 1089 रिएक्शन के विरुद्ध लगभग 2000 आवेदकों ने भाग लिया उद्घाटन उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने करते हुए कहा कि इस तरह



के रोजगार मेला में नियोजन एवं अभ्यर्थियों को एक प्लेटफार्म मिलता है उन्होंने कहा कि बोकारो जिला राज्य के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है इसमें विभिन्न प्रकार के योग्यता धारी आवेदक की आवश्यकता होती है युवा तकनीकी रूप से तैयार रहे ताकि स्थानीय स्तर वही रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी बम बैजू ने रोजगार मेला के संदर्भ में प्रकाश डाला और कहा कि जनवरी 2025 में जिले में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा जिसमें स्थानीय उम्मीदवारों को अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा उन्होंने बताया कि 75% स्थानीय उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन किशोर कुमार ने किया। रोजगार मेला में 48 अभ्यर्थियों को चिन्हित एवं 1306 को शॉर्टलिस्टेड किया गया मौके पर 12 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

## कथारा कोलियरी में 67 वां खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन



दबंग हिन्द, संवाददाता

**बेरमो ।** सीसीएल के कथारा प्रक्षेत्र के कथारा कोलियरी परिसर में 67 वां खान सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया जिसकी अध्यक्षता क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने किया तथा संचालन कोलियरी प्रबंधक कृष्ण मुरारी ने किया।इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कोलियरी के दर्जनों कामगारों को सम्मानित किया ।मौके पर टीम के कन्वेयर कब्रिबाद कोलियरी के आर पी यादव ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में सुरक्षित काम करने के कारण कोलियरी में किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं हुई यह सौभाग्य की बात है।क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि सुरक्षा एक ऐसा विषय है जो हमारे जीवन में बहुत जरूरी है, उन्होंने कहा कि हमें जीरो एक्सीडेंट नहीं बल्कि जीरो हार्म पर ध्यान देने की जरूरत है। सीसीएल मुख्यालय रांची के आइएसओ अधिकारी रोहित कुमार चौधरी ने कहा कि स्मार्ट वर्क और हार्ड वर्क काम के दौरान हमेशा एसओपी को साथ रखें दुर्घटना से बचे रहेंगे ।कथारा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी दुर्गेश कुमार सिन्हा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024- 25 में कोलियरी का भी उत्पादन लक्ष्य 10 लाख टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे ।इस अवसर पर कोडरमा जॉन के डीडीएमएस इलेक्ट्रिकल वीरेंद्र प्रताप, सीसीएल मुख्यालय रांची के आईएसओ रोहित कुमार चौधरी, कथारा कोलियरी पीओ डीके सिन्हा साहित्य दर्जन और वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### न्यायालय में लंबित वादों से संबंधित तथ्य की विवरणी समय पर कराए उपलब्धः जाधव

**बोकारो ।** समाहरणालय सभागार में डीसी के निर्देश पर उच्चतम न्यायालय उच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायालय में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गई मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद पर समाहर्ता मुमताज अंसारी अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा प्रभास दत्त क्षेत्रीय उपनिदेशक मनोज कुमार डीटीओ वंदना सेजवलकर सहित सभी विवादों के पदाधिकारी अंचल अधिकारी उपस्थित है डीसी ने उच्च न्यायालय झारखंड रांची में जिले के विभिन्न विभागों पदाधिकारी से संबंधित लंबित वादों की जानकारी ली तथा विभाग वार सभी मामलों के अध्ययन स्थिति की समीक्षा की उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को वादों से संबंधित तथ्य विभाग द्वारा कार्यालय को समय पर समर्पित करने का निर्देश दिया और कहा कि इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए बैठक में 103 लंबित वादों की प्रगति की समीक्षा की गई डीसी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से संबंधित तीन मामले वन प्रमंडल कार्यालय से संबंधित सात मामले उप विकास आयुक्त जिला परिषद से संबंधित एक मामले क्षेत्रीय निदेशक जियाडा से संबंधित चार मामले अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम से संबंधित एक मामले जिला भजन पदाधिकारी से संबंधित तीन मामले विशेष भू अर्जन से संबंधित दो मामले सहित अन्य विभागों से संबंधित टोटल 103 मामलों की समीक्षा की इसके अलावा पीटर बार चंद्रपुर गोमिया चास प्रखंड से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई सभी अंचल अधिकारियों को अपना कोर्ट लगाकर लंबित मामलों की सुनवाई करने का निर्देश दिया।

### एनजेसीएस में सुधार पर तीन माह में निर्णय ले इस्पात मंत्रालय : एचसी

**बोकारो ।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ द्वारा एनजेसीएस में सुधार करने पर लगातार पत्र देने के बावजुद इस्पात मंत्रालय द्वारा कोई सकारात्मक कदम नही उठाने पर , बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया गया था । जिस पर न्यायमुर्ती संजीव नरुला ने फैसला दिया कि यूनियन द्वारा किए गए माँग तथा सुझाव पर इस्पात मंत्रालय तीन माह में कदम उठाए ।अगर यूनियन की माँगो पर कोई सकारात्मक कदम नही उठाया जाता है तो यूनियन न्यायालय में पुनः आपत्ती दर्ज करा सकती है । यूनियन द्वारा माँग किया गया है कि एनजेसीएस में सिर्फ सेक्रेट बैलेट इलेक्शन के माध्यम से रिकॉगनाईज्ड ट्रेड यूनियनो के प्रतिनिधि के भाग लेने, एनजेसीएस में ट्रेड यूनियनो के नॉमिनेटेड प्रतिनिधियों के मनोयन की प्रथा बंद करने, एनजेसीएस मीटिंग का वार्षिक कैलेण्डर जारी करने एनजेसीएस मीटिंग का एजेंडा पहले ही सार्वजनिक करने, एनजेसीएस में सेल की सभी यूनिटो से सेक्रेट बैलेट इलेक्शन के माध्यम से नीर्वाचित यूनियनो को प्रतिनिधित्व दिया जाय , जिसमें माईंस, एसआरयु, सीएमओ, आदि छोटी यूनिट भी हो एनजेसीएस मीटिंग होटलो की जगह सेल की यूनिटो के गेस्ट हाउस अतिथि गृह , निवासो में आयोजित करने एनजेसीएस में पारदर्शिता रखने के लिए एनजेसीएस को सूचना का अधिकार के दायरे में लेन की मांग की गई है। इस संदर्भ में यूनियन के अध्यक्ष हरिओम ने कहा है कि एनजेसीएस को बगैर निर्वाचित नेताओं के समुहो नें कब्जा कर लिया है । जो मैनेजमेंट के इशारे पर लगातार कर्मचारी विरोधी समझौते कर रहे है । सेल प्रबंधन भी लगातार एनजेसीएस संविधान का उल्लंघन कर फैसलो को लागु करते जा रही है । कार्यपालिका इस्पात मंत्रालय की असफलता ने न्यायालय की शरण में जाने हेतु मजबूर किया ।

### झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के लिए 12वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा बैठक संपन्न

**बोकारो ।** बोकारो स्टील प्लांट के अंतर्गत झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के लिए महानिदेशालय खान सुरक्षा श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों और सेल प्रबंधन के बीच 12 में त्रिपक्षीय सुरक्षा बैठक एमटीआई रांची में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता साउथ ईस्टर्न जोन रांची के उप महानिदेशक डॉक्टर से प्रसाद ने किया इस अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी उपस्थित थे डीजीएमएस की ओर से बैठक में आर आर मिश्रा डीएमएस खनन चाईबासा ऐश्वर्या डीएमएस यांत्रिक रांची के एम रेड्डी डीएमएस विद्युत रांची सुधीर आर डीडीएमएस खनन चाईबासा आर बोथा तथा आई अरविंद कुमार डीडीएमएस विद्युत रांची ने बैठक में भाग लिया। वही सेल बीएसएल की ओर से अधिशासी निदेशक मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी कार्यकारी अधिशासी निदेशक आरपी सेल्बम ने किया। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों में कमल भास्कर मुख्य महाप्रबंधक खनन गुआ और चिड़िया माइंस स शाह मुख्य महाप्रबंधक मेंटेनेंस सुधीर शर्मा मुख्य महाप्रबंधक संचालन साहित्य बोकारो इस्पात कामगार यूनियन के महासचिव रामाश्रय प्रसाद सिंह अन्य यूनियन के सदस्य श्रमिक निरीक्षक ठेकेदार के प्रतिनिधि शामिल हुए बैठक में पिछले त्रिपक्षीय बैठक में किए गए उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन और 12 में राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिश को सफलतापूर्वक अपने पर प्रकाश डाला गया जो सुरक्षा मानकों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता को दशार्ता है मौके पर निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने भारतीय खंड क्षेत्र में डीएमएस अधिकारियों के अमूल्य योगदान और श्रमिक संघ के सहयोग के सराहना की उन्होंने सुरक्षा मांगों को निरंतर ऊंचाई पर ले जाने के लिए सेल प्रबंधन की प्रतिबद्धता व्यक्त की या बैठक झारखंड खान समूह में सुरक्षा कल्याण और सस्टेनेबल प्रथाओं को प्रोत्साहित करने का प्रति सभी हिट धारकों की सजा प्रतिबद्धता को मजबूत करने में सहायक रही।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाया नौ सेना दिवस


**बोकारो ।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद बोकारो इकाई द्वारा सेक्टर ४ स्थित भारत सेवाश्रम संघ कार्यालय में ५२ वा भारतीय नौसेना दिवस मनाया गया ।कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्रीमान प्रदीप बाग जी, विभाग कार्यवाह धीरेन्द्र गोप एवं नौसैनिकों द्वारा सामूहिक रूप से केक काटकर और नौसेना के यादों को साझा किया गया ।कार्यकम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे राकेश मिश्रा, शत्रुघ्न सिंह, संजीव कुमार, राजहंस, मनोज झा, अमित कुमार सिंहा, विनय कुमार, परमहंस, रजनीश कुमार, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, निरंजन कुमार सिंहा थे ।

### दाखिल खारिज के लंबित मामलों को लेकर सभी सीओ को शो कॉउज 24 घंटे मे जवाब देने का निर्देश

**बोकारो ।** जिले के विभिन्न अंचलों में भूमि के दाखिल झ खारिज से संबंधित मामलों के निष्पादन में अंचलाधिकारियों की लापरवाही पर उपायुक्त विजया जाधव ने सभी 9 अंचलों के अंचलाधिकारियों, उनके राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षकों को शोकॉउज स्पष्टीकरण किया है। इस बाबत पत्र जारी कर दिया है। उपायुक्त द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि, झारभूमि पोर्टल पर दाखिल खारिज के प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की स्थिति के समीक्षा क्रम में यह पाया गया है कि राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक एवं अंचल अधिकारी के द्वारा दाखिल झ खारिज के मामलों के निष्पादन में लापरवाही बरती जा रही है। पोर्टल पर कई आवेदन लंबित हैं, जबकि कई आवेदनों को बिना किसी ठोस वजह के अस्वीकृत किया जा रहा है। वहीं, कुछ मामलों में बिहार टेनेंट्स होल्डिंग का उल्लंघन भी किया जा रहा है, जो सही नहीं है। उन्होंने सभी अंचलों में दाखिल झ खारिज के लंबित आवेदनों की संख्या पर कड़ी नाराजगी जताई है। कहा कि, निष्पादन नहीं करना, कार्य निष्पादन में लापरवाही को दशार्ता है। इसी को लेकर उपायुक्त ने सभी नौ अंचलाधिकारियों, उनके राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षकों को शोकॉउज किया है। पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर जवाब प्रतिवेदन कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

### सिविल जज बनने पर पाठक परिवार में खुशी की लहर

**बोकारो ।** सामाजिक प्रखर मुकेश पाठक के निधन से जहाँ सारे परिवार में शोक व्याप्त था, वही दूसरी तरफ उनके भांजे अमन कृपेश मिश्रा के सिविल जज बन जाने पर पाठक परिवार में खुशी की लहर दौर गयी।अपने बडे मामा गंगेश पाठक से आशीर्वाद लेकर कहा की मुकेश मामा एवं बडे मामा के अथक त्याग एवं मार्गदर्शन से ये सफलता मिली है।। सभी ने उसके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना समस्त पाठक परिवार ने की। पिता व्यवसायी है, माता गृहणी।



परिवार मे शुभकामनाएँ देने में मुख्य रुप से नानी सोन पाठक, नीभा पाठक ,पिता सुमन कुमार मिश्रा, माता सबिता मिश्रा, शिबेश पाठक, आरती देवी, अहान, ईवा, रोहित झा, राम शगुन झा, लक्ष्मण मिश्र, सुभाष चंद्र मिश्रा, चांदनी मिश्रा, आलोक नाथ पाठक, अमरनाथ पाठक थे।

# ग्रामीणों को मिले योजनाओं का लाभ: स्मृता कुमारी

## डीडीसी ने की पीएम आवास व मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला समाहरणालय स्थित डीआरडीए कार्यक्रम के सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में पीएम आवास योजना और मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बेहतर कार्ययोजना बनाकर निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप आवास योजनाओं को शत-प्रतिशत पूरा करें।

मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं की समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने अधिकतम मानव दिवस सृजित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जोर देकर कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं सुनियोजित तरीके से होना चाहिए, ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ मिल सके। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंडों में चल रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने अबुआ आवास योजना की प्रगति की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि संवेदनशील होकर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रयास किये जाने चाहिए और निरंतर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजनाओं की पूर्णता में तेजी लाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों को ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ने के प्रयास करने और हर स्तर से उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

## दिव्यांगता प्रमाण-पत्र वितरण शिविर संपन्न



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** सिविल सर्जन, धनबाद और डीएलएसए सचिव के संयुक्त प्रयास से पहला कदम स्कूल में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों और उनके अभिभावकों को विभिन्न सरकारी प्रमाण-पत्र प्रदान करना था। शिविर का आयोजन बड़ी सफलता के साथ हुआ, जिससे सैकड़ों लोगों को लाभ हुआ। शिविर के दौरान, करीब 20 लोगों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा 10 लीगल गार्डियनशिप सर्टिफिकेट, 10 निरामय स्वास्थ्य बीमा और 25 यूडीआईडी कार्ड (यूनिवर्सल डिसएबिलिटी आईडी) प्रदान किये गये। शिविर में लगभग 50 नये आवेदन भी प्राप्त किये गये। पहला कदम स्कूल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की इस पहल से दिव्यांग व्यक्तियों को उनके अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का एक बेहतरीन अवसर मिला। कार्यक्रम से न केवल दिव्यांग व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला, बल्कि उनके जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया है।

पहला कदम स्कूल की सचिव अनिता अग्रवाल ने सिविल सर्जन और डीएलएसए सचिव को तहे दिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि पहला कदम स्कूल भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखेगा, ताकि समाज के हर वर्ग को लाभ मिल सके।

## न्यायाधीश ने किया एडॉप्शन सेंटर का निरीक्षण



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** झालसा व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर अवर न्यायाधीश राकेश रौशन और सीडब्लूसी के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने क्रिश्चियन मिशन एवं एडॉप्शन सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हर बिंदु पर जांच की तथा धनबाद, बोकारो आदि ज़िलों से रेस्क्यू किये गये स्पेशल बच्चों की स्थिति एवं रख-रखाव के बारे में जाना तथा कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार ऐसे आश्रय गृह में रह रहे बच्चों का रख-रखाव उचित तरीके से हो, इसको लेकर तत्पर है।

## गिरिडीह विधायक के मंत्री बनने से लोगों में उत्साह



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गिरिडीह।** लगातार दूसरी बार जीत दर्ज करने वाले गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सीनू को आखिरकार मंत्री पद मिल ही गया। गुरुवार को जब सुदिव्य कुमार ने मंत्री पद की शपथ ली, तो गिरिडीह में उत्साह का माहौल बन गया। गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाई खिलाई। लोगों ने कहा कि अब इस क्षेत्र का विकास और भी तेज गति से होगा। मालूम हो कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद जब बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में सरकार बनी थी, तो गिरिडीह विधायक चंद्रमोहन प्रसाद मंत्री बने थे। 2005 में चंद्रमोहन को झामुमो प्रत्याशी मुन्नालाल ने हरा दिया था। इसके बाद गिरिडीह से कोई विधायक कभी मंत्री नहीं बन सका। इस बार जब सुदिव्य कुमार दोबारा जीते, तो उन्हें मंत्री पद मिल गया। विधायक सुदिव्य कुमार के मंत्री बनने पर कार्यकताओं में उत्साह भर गया और वे झूम उठे। झामुमो के जिला कार्यालय में जश्न का माहौल रहा। झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह की मौजूदगी में कार्यकताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। संजय सिंह ने पत्रकारों को इसे गौरव का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि विकास पुरुष माने जाने वाले विधायक सुदिव्य कुमार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि सुदिव्य कुमार ने एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में झामुमो से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी। आज वे मंत्री बन गए हैं। इसके लिए जिले की जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देती है।

## प्रधानाध्यापकों और प्रधान शिक्षकों की गुरु गोष्ठी संपन्न



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**मैथन।** शैक्षणिक अंचल निरसा-तीन अंतर्गत सभी कोटि के सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्रधान शिक्षकों की गुरु गोष्ठी सह समीक्षात्मक बैठक का आयोजन एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के सभागार में आज प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निरसा-3 सह समन्वयक प्रखंड संसाधन केंद्र निरसा स्वप्न कुमार मंडल की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने विद्यालय, स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत गतिविधियां संचालित करने, विभिन्न पंजी संधारित करने, टीचर बायोमैट्रिक अटेंडेंस, एमडीएम संचालन की स्थिति, मध्याह्न भोजन में छात्रों की उपस्थिति, विद्या वाहिनी में प्रविष्टि करने, मध्याह्न भोजन की प्रतिदिन एसएमएस की स्थिति, मध्याह्न भोजन के खर्च का विवरण, इको क्लब का गठन एवं संबंधित पत्र का अनुपालन, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट का सभी विद्यालय में क्रियान्वयन, प्रयास नवीकरण, शिशु पंजी सर्वे, विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण, छात्रों का अपार आईडी की स्थिति, यू डाइस की स्थिति, प्रोजेक्ट रेल का सभी विद्यालयों में क्रियान्वयन आदि विषयों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के निर्देशक व तीन इकाई के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा, राजीव रंजन मिश्रा, मुराद हुसैन, संजय मंडल, उज्जवल झाल, राजीव गोप, संजय कुमार सिंह, अजीम अंसारी, सोहेल अख्तर, संतलाल बैठा, विनोद कुमार चौधरी, प्रसेनजीत मुखर्जी, विनोद यादव, शैलेंद्र कुमार , लिपिका दास, मीना कुमारी, सलीम, मंसूर रहमान, प्रमोद कुमार झा, कालीचरण कुमार, विष्णु लाल किस्कू, सागर दरिप्पा, शिवराम हरिजन, धनंजय रावत, चंदन कुमार मिश्रा, पंकज कुमार सिंह, बप्पा गोस्वामी, साधना राय, सुरेंद्र कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

## एग्यारकुंड में स्थाई सीडीपीओ व एमओ की नियुक्ति की मांग



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड मुखिया संघ की एक बैठक मैथन डैम स्थित छठ घाट में हुई। बैठक में संघ की ओर से मांग की गयी कि एग्यारकुंड प्रखंड में अविलंब नियमित सीडीपीओ एवं खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी की नियुक्ति हो, ताकि प्रखंड के विकास कार्यों में बेहतर मदद मिल सके। मुखिया संघ की ओर से यह भी कहा गया कि सीडीपीओ एवं खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के नहीं होने से लोगों को निरसा जाना पड़ता है, जिससे काफी परेशानी होती है। अतः अविलंब प्रखंड में दोनों पदाधिकारी का नियुक्ति की जाये। बैठक में मौजूद मुखिया प्रतिनिधियों ने इस बात पर भी चर्चा की कि उनके क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर अड़ंगा लगाते हैं, जो ठीक नहीं है, जबकि विकास कार्यों के अनुमोदन एवं बदलाव में प्रखंड भी उनका सहयोग नहीं करता है। इससे मुखिया प्रतिनिधियों को काफी परेशानी होती है।

## ठंड में सड़क पर भटक रही बुजुर्ग को डालसा ने दिया सहारा



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** बढ़ती ठंड के प्रकोप से बुजुर्गों को बचाने के लिए झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन द्वारा टीम गठित कर मुहिम चलायी जा रही है। इसके तहत बेघर बुजुर्गों का समुचित रख-रखाव किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सड़क किनारे से एक बुजुर्ग महिला शांति किस्कू का रेस्क्यू कर सबलपुर स्थित वृद्ध आश्रम मे आवासित किया गया। बुजुर्ग से पूछने पर पता चला कि वह गिरिडीह की रहने वाली है, परंतु उनका कोई नहीं है। वह मंदिर व फुटपाथ पर अपना जीवन बसर करती है।

## विभागीय परियोजना विस्तारीकरण को लेकर बैठक



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**तिसरा।** बीसीसीएल के लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में जनता मजदूर संघ के महामंत्री एवं महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती, नॉर्थ तिसरा-साउथ तिसरा एवं जीनागोरा एकीकृत के परियोजना पदाधिकारी संजीव कश्यप के बीच वार्ता हुई। परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर महामंत्री गंभीर दिखे। महाप्रबंधक ने कहा कि मैं जमीन मुहैया करा कर परियोजना का विस्तारीकरण कराया जाएगा। मशीनों में पूर्ण डीजल दिया जाएगा, ताकि परियोजना का कार्य सुचारु रूप विस्तारित हो सके। पूरे लोदना क्षेत्र में पानी की समस्या दूर की जाएगी। सेवनिवृत कर्मचारियों की बकाया राशि का अविलंब भुगतान कराया जाएगा। अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गयी। वार्ता में संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष संजीत सिंह, क्षेत्रीय सचिव अनिल सिंह, अध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद, जितेन्द्र सिंह, सन्तोष मिश्रा, रितेश निषाद, केल्विन तिर्की, उमेश सिंह, ललन पासवान, शिव पासवान, मनोहर सिंह, राजीव झा, जगदीश सिंह एवं सभी शाखा के पदाधिकारी उपस्थित थें।

# प्रसेनजित मुखर्जी चुने गये प्रेस प्रतिनिधि



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**मैथन।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के धनबाद जिला स्तरीय चुनाव में प्राथमिक विद्यालय नेपुरा, निरसा-तीन के शिक्षक प्रसेनजीत मुखर्जी प्रेस प्रतिनिधि चुने गये हैं। इपके चुनाव जीतने पर शिक्षकों द्वारा आज एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बुके देकर अभिनंदन किया गया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ निरसा- तीन इकाई के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा ने कहा कि चुनाव में प्रेस प्रतिनिधि के पद पर प्रसेनजीत मुखर्जी ने 144 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मदन नायक को 16 मत से हराया। श्री मुखर्जी ने कहा कि अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ निरसा-तीन इकाई के अध्यक्ष सह शिक्षक नेता श्री झा विभिन्न भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने हमारा सहयोग किया, जिनके कारण आज हम इस पद पर विजयी हुए हैं। उन्होंने कहा कि श्री झा हमलोगों को नवाचार, मार्गदर्शन और सलाह देते हैं। साथ ही अन्य जिम्मेदारियां भी निभाते हैं। उन्हीं के सिद्धांतों को अनुशरण कर प्रेस प्रतिनिधि के पद से शिक्षक हित में संगठन में रहकर कार्य संपादित करूंगा। हमें इस पद पर जीत दिलाने में निरसा एक, दो तथा तीन के सभी कार्यकारिणी सदस्यों का भरपूर समर्थन मिला। यह जीत शैक्षणिक अंचल निरसा 1, 2, 3 के शिक्षकों की है। इस अवसर पर राजीव रंजन मिश्रा, कन्हैया सिंह, अजीम अंसारी, सोहेल अख्तर, सुनील भगत, विनोद यादव, विनोद कुमार चौधरी, संतलाल बैठा, मीना कुमारी, प्रमिला कुमारी, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, मुराद हुसैन, संजय कुमार सिंह आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति करायेगी 101 जोड़े का विवाह



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** हीरापुर स्थित वेडिंग व्हील्स मैरिज गार्डन में सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष मंजीत सिंह की अध्यक्षता में की गयी। समिति के प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि लगातार 11वें वर्ष सामूहिक विवाह समिति द्वारा 15 जनवरी 2025 को 101 जोड़ों का विवाह कराया जायेगा। सामूहिक विवाह का रजिस्ट्रेशन शुरू है ।अभी तक कुल 14 जोड़े रजिस्ट्रेशन फॉर्म ले चुके हैं। फार्म बेकारबांध स्थित पंडित डेकोरेटर में निःशुल्क दिया जा रहा है। सामूहिक विवाह में सभी धर्मो का विवाह उनकी रीति-रिवाज से किया जाता है। विवाह के उपरांत सभी जोडे को घर बसाने हेतु जरूरी सामान उपहार के तौर पर दिये जाता हैं। समिति के चेयरमैन मंजीत सिंह ने बताया कि लड़कियों की उम्र 18 वर्ष और लडकों की 21 वर्ष होनी चाहिए। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 5 जनवरी 2025 तक है। समिति की महिला विग की श्रीमती जया सिंह ने बताया कि विवाह मे महिलाओं की अहम्‍ भूमिका रहती है। मेहंदी रस्म से लेकर हल्दी तक की वयवस्था की जाती है। बाराती और सराती के लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है। बैठक में द्वारिका प्रसाद तिवारी, भगतजी, दिलीप सिंह, तारकनाथ, समीरन सरकार, जितेंद्र मालाकार, संगीता जायसवाल, अनु, नवीन गुप्ता आदि मौजूद थे।

## डा अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस आज

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** दलित शोषण मुक्ति मंच झारखंड के अध्यक्ष शिवबालक पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कल 6 दिसंबर को बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्माण दिवस के अवसर पर डीआरएम-अंबेडकर चौक, धनबाद में जिला के तमाम अंबेडकरवादी संगठन तथा सामाजिक संगठन, प्रबुद्ध लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह दिवस सद्भावना के रूप में मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज हर नागरिक को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के श्रद्धांजलि सभा को सद्भावना दिवस के रूप में मनाना चाहिए, क्योंकि देश में नागरिकों की एकता और भाईचारा पर कुठाराघात के साथ संविधान को भी शासक वर्ग द्वारा कमजोर करने की कोशिश जारी है।

## एक नजर

### डीएवी राष्ट्रीय ताइक्वांडो में धनबाद के 5 को पदक

**धनबाद।** नोएडा स्पोर्ट्स काम्प्लैक्स में 2, 3, 4 दिसंबर को आयोजित डीएवी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में धनबाद की प्राची सिन्हा, श्रेया दत्ता डीएवी कुसुंडा ने स्वर्ण पदक, रिया सिंह, हार्दिक सिंह व मुस्कान विश्वकर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पदक विजेताओं को भारतीय ताइक्वांडो संघ के महासचिव प्रभात शर्मा, झारखंड के महासचिव संजय शर्मा, धनबाद जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिन्हा, सुमीर शर्मा, कोच विशाल पंडित, दीपक बाउरी, अमर बाउरी, महिपाल कुमार, वकील खान ने बधाई देते हुए शुभकामना दी है।

### चार मंत्री बनने पर कांग्रेस आलाकमान को धन्यवाद



**धनबाद।** हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस कोटे से दीपिका पांडेय सिंह, डाक्टर ईरफान अंसारी, स्नेहा नेहा र्तिकी , राधाकृष्ण किशोर को आज समायोजित करने के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधांशु शेखर झा ने कांग्रेस आलाकमान का तहेदिल से शुक्रिया अदा की है। श्री झा ने कहा है कि दौ महिलाओं सहित जोश से भरे नये चेहरों को मंत्रिमंडल मे समायोजित कर कांग्रेस आलाकमान ने साकारात्मक संदेश दिया है, जिसकी कसौटी पर खरा उतरने का काम अब नये मंत्रियों को करना है।

### बुजुर्गो की की देखभाल को लेकर सेमिनार आयोजित

**धनबाद।** सरायढेला स्थित आयुष फाउंडेशन धनबाद के कार्यालय में बुजुर्गों की देखभाल पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बुजुर्गों की सेवा एवं देखभाल कैसे की जाये पर प्रकाश डालना था। इस दौरान बुजुर्गों के प्रति प्यार व अपनापन प्रदर्शित करना सिखाया गया। समारोह में आयुष फाउंडेशन धनबाद के सक्रिय सदस्य, विद्यार्थियों एवं मोहल्ले के लोगों ने भाग लिया। सभी ने इस कार्य हेतु आयुष फाउंडेशन धनबाद की सराहना की। सभी सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपने योगदान से उच्च स्तर पर पहुंचाया। आयुष फाउंडेशन धनबाद के इस कदम की स्थानीय समुदाय ने सराहना की और इसे बुजुर्गों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक आदर्श उदाहरण बताया। फाउंडेशन के सदस्यों ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया।

### अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने किया कल्याण ज्वेलरी शोरूम का उद्घाटन, उमड़ी भीड़

**गिरिडीह।** कल्याण ज्वेलर्स के शो रूम का जिला परिषद चौक के समीप आज विधिवत उद्घघाटन हुआ। उद्घघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड की नामचीन अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने शिरकत की। करिश्मा की एक झलक पाने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। कल्याण ज्वेलर्स के ग्रेंड ओपनिंग के मौके पर शहर के कई गन्यमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह के बाद पत्रकारों से बात करते हुए करिश्मा कपूर ने कहा कि यह गौरव की बात है कि गिरिडीह शहर में कल्याण ज्वेलर्स का शोरूम खुल गया है। पूरे देश में अब तक 355 कल्याण ज्वेलर्स शोरूम का उद्घाटन हो चुका है। जल्द ही देवघर में भी इसकी ओपनिंग होगी। उन्होंने बताया कि आकर्षक और कई डिजाइन की ज्वेलरी, जो लोगों को पसंद आएंगी, के सभी ब्रांड मौजूद हैं। मौके पर शोरूम के संचालक सुमन गौरीसरिया ने बताया कि आकर्षक और डिजाइदार ज्वेलरी के लिए लोगों को अब दूसरे शहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कल्याण ज्वेलर्स गिरिडीह के लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि हर तरह की ज्वैलरी यहां उपलब्ध रहेंगी। मेकिंग चार्ज में वर्तमान में 50 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया गया है। लोगों से इसका फायदा उठाने की अपील की। मौके पर सिद्धार्थ, शंशाक, शीतल, पूजा, डॉ.विकास लाल समेत शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### समाजसेवी दिलीप सिंह ने असहायों के बीच बांटे कंबल

**धनबाद।** सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर योगदान देनेवाले युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह कंपकंपाती ठंड में गरीब जरूरतमंदों का सहारा बने। हर वर्ष की भांति उन्होंने इस वर्ष भी जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। ठंड में लाचार, असहाय व गरीबों को बचाने के उद्देश्य से बुधवार की आधी रात अपने संगठन के सदस्यों के साथ सड़कों पर निकल पड़े तथा जहां भी ठंड से ठिठुरते गरीबों देखा, तो उन्हें कंबल देकर ठंड से राहत पहुंचायी। धनबाद स्टेशन रोड में दर्जनों लोगों के बीच कंबल बांटे। दिलीप सिंह के इस नेक कार्य की सरहाना करते हुए लोगों ने माला पहनाकर उनका सत्कार भी किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि ठंड की रात में असहायों के बीच कंबल वितरण करना साहसिक व सराहनीय कदम है। रात के अंधेरे में जब सारा जहां ठंड से अपने घरों में दुबके हों, ऐसी परिस्थिति में असहायों की सुधि लेने के लिए दिलीप सिंह ने बाहर निकल कर गरीबों का दर्द समझा तथा असहायों के बीच कंबल बांटे। श्री सिंह ने कहा कि निर्धारित रूप-रेखा के तहत गरीब लोगों को मदद की जाती है। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। जरूरतमंदों की मदद के लिए वे सदैव तैयार रहते हैं और आगे भी रहेंगे।

### शैक्षिक भ्रमण कर लौटे आईआईटी-आइएसएम के छात्र

**धनबाद।** धनबाद के आईआईटी- आइएसएम में सात दिवसीय सांस्कृतिक और शैक्षिक यात्रा पर उत्तराखंड गये 43 छात्रों का दल आज वापस लौटा। संस्थान के स्वर्ण जयंती व्याख्यान कक्ष में सभी 43 युवाओं को सम्मानित किया गया। प्रो.सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि यह युवा संगम कार्यक्रम भारत के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित है। इसके माध्यम से विभिन्न राज्यों में रहनेवाले छात्रों को दूसरे राज्यों के बारे में जानने को मिला। वहां की संस्कृति, पर्यावरण, रहन-सहन तथा लोगों के बारे में जानने को मिला। इससे अलग रहन-सहन के बावजूद सभी राज्यों में एकता बनाये रखना इस कार्यक्रम का उद्देश्य था। सभी 43 छात्रों ने देवभूमि उत्तराखंड और हरिद्वार का भ्रमण किया। इसके साथ ही आईआईटी रुड़की, देहरादून का भी भ्रमण किया। इससे युवाओं को जो अनुभव प्राप्त हुआ, उसको वे अपने दोस्तों, परिवार तथ सभी जानने वाले लोगों को अपने अनुभवों को साझा किया। प्रो. संजीव आनंद साहू ने कहा कि युवा संगम के पांचवे चरण में झारखंड का टाई-अप उत्तराखंड के साथ हुआ है। पहले फेज में हमलोग झारखंड के अलग-अलग जिलों से 43 छात्रों के साथ 6 को-ऑर्डिनटर्स यहां से गये थे। सभी छात्रों ने वहां की विभिन्न जगहों का भ्रमण किया, जिसमे वीमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप, हीरो मोटोकॉर्प की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, हरिद्वार का भ्रमण करने के बाद आज हमारी टीम वापस लौटी है। युवा संगम के पांचवें चरण के दूसरे पार्ट में जनवरी के पहले सप्ताह में हम आईआईटी रुड़की से आनेवाले छात्रों का स्वागत करेंगे। साथ ही उन सभी को झारखंड के अलग-अलग जिलों का भ्रमण कराएंगे। यात्रा पूरी करने के बाद वापस लौटे बच्चे काफी उत्साहित हैं।

### झारखंड सरकार की अनाबाद जमीन से ओबी हटाये बीसीसीएल: सीओ

**तिसरा।** अंचल अधिकारी बलियापुर प्रवीण सिंह द्वारा बीसीसीएल लोदना एरिया 10 के महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती एवं एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी को अतिक्रमण अधिनियम के अंतर्गत प्रपत्र- एक में नोटिस जारी कर अनाबाद झारखंड सरकार की जमीन पर गैर कानूनी तरीके से किए गए ओबी डंप को हटाने हेतु निर्देश दिया है' अंचल अधिकारी ने जारी नोटिस में महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती एवं एटी देवप्रभा कंपनी को बताया है कि आपके द्वारा जिस भूमि पर ओबी डंप किया जा रहा है, वह भूमि झारखंड लोक अतिक्रमण अधिनियम 1956 के अंतर्गत लोकभूमि है और आपके द्वारा किया गया ओबी डंप उपरोक्त अधिनियम में निहित प्रावधानों के विरुद्ध है। उन्होंने बताया है कि दी जा रही नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप सभी राजस्व दस्तावेज के साथ 16 दिसंबर को अंचल अधिकारी के कक्ष में उपस्थित होकर बतायें कि क्यों नहीं उक्त लोक भूमि पर आपके द्वारा किए गए अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त कर दिया जाये। उन्होंने नोटिस में यह भी लिखा है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर न्यायालय में उपस्थित नहीं होने अथवा दस्तावेज के समर्पित नहीं करने पर मान लिया जाएगा कि उक्त संदर्भ में आपको कोई प्रतिक्रिया नहीं देनी है। अंचल अधिकारी ने बताया कि सुरंगा क्षेत्र में भ्रमण के क्रम में जानकारी प्राप्त हुई थी कि लगभग 120 एकड अनाबाद झारखंड सरकार की जमीन है। बीसीसीएल एवं आउटसोर्सिंग कंपनी की मिलीभगत से ओबी डंप किया जा रहा है, जो पूर्णतः गैरकानूनी है। जानकारी मिलने के बाद तुरंत प्रभाव से अंचल अधिकारी द्वारा अपने कर्मियों से प्रतिवेदन लेकर और संबंधित कंपनी एवं बीसीसीएल को नोटिस जारी किया गया है।

# दिल्ली सल्तनत पर बार-बार क्यों करते हैं किसान चढ़ाई?



डॉ. रमेश ठाकुर

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं।

अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा? क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं? केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में यही सब कुछ देखने को मिलता है। कमोबेस, सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी टिप्पणीकार के लिए बेईमानी सा होता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं किस कदर पनपती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं, रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए।

दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें। लेकिन उनकी बातों को हुकूमती स्तर पर एक बार भी अनसुना और अनदेखा किया गया।

दिल्ली पहुंचने के लिए गौतमबुद्ध नगर से करीब 50,000 से अधिक किसान सोमवार सुबह यानी दो तारीख को नोएडा महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्रित हुए, फिर उन्होंने दिल्ली कूच का प्लान किया, हालांकि तत्काल रूप से तो पुलिस ने उनकी योजना को विफल कर दिया है। लेकिन किसान बॉर्डर पर ही डटे हुए हैं, वह किसी भी सूरत में दिल्ली पहुंचना चाहते हैं। उनको लगता है संसद का शीत सत्र चालू है। पूरी हुकूमती मशीनरी इस समय एक साथ है, उनकी बातें आसानी से पहुंच सकती है। पर, ऐसा होता दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार इतनी आसानी से सबकुछ मान लेगी, ऐसा भी दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए किसान भी काफी उग्र हैं। अपने साथ लंबे आंदोलन को करने के लिए तामझाम लेकर पहुंच हैं। राशन, टैक्टर, मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर, तंबू आदि है उनके पास।



किसानों ने दिल्ली मार्च का प्लान अचानक से ही बनाया। पहले की प्री-प्लान नहीं थी। क्योंकि किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण पर पिछले कुछ दिनों से धरनागत थे। उनकी प्रमुख मांगे हैं, उन्हें जमीन के बदले 10 पर्सेंट निर्मित प्लॉट और 64 पर्सेंट बढ़ा हुआ जमीन का शेष मुआवजा दिया जाए। साथ ही जितने किसान जमीन छिन जाने से भूमिहीन हुए हैं, उनके परिवार के बच्चों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कोई न कोई रोजगार जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जाएं, इसके अलावा एमएसपी गारंटी कानून लागू करें। फसलों की कीमतें डबर हों, खाद, बीज व कीटनाशक दवाईयों के रेट कम किए जाएं जैसी पुरानी मांगे भी उनकी बरकरार हैं। इस वक्त मंड़ियों में धान की खरीद में जो घटतौली हो रही है उसे तुरंत रोका जाए। ये मांगे ऐसी जिसे शायद ही सरकारें मांगे।


प्रतीत ऐसा होता है कि ये किसान मूवमेंट भी बडा रूप ले सकता है। अभी तक गनीमत ये समझी जाए, इस मोर्चे में सिर्फ दर्जन भर ही किसान संगठन शामिल हुए हैं। हालांकि बाहर से करीब सौ से ज्यादा किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त है। मोर्चे को रोकने को अगर कोई जल्द विकल्प नहीं निकाला गया, तो अन्य किसान संगठन भी कूदने में देर नहीं करेंगे। हांलाकि सोमवार को किसान मोर्चे को देखते हुए नोएडा ट्रैफिक पुलिस और दिल्ली पुलिस की ओर से एडवाइजरी की गई जिसमें कालिंदी कुंज बॉर्डर, यमुना एक्सप्रेस-वे और डीएनडी बॉर्डर से बचने की लोगों को सलाह दी गई, क्योंकि इन जगहों पर मोर्चे का असर व्यापक रूप से देखने को मिला। लोग अनचाई परेशानी से जूझते दिखाई पड़े, स्कूली बच्चों भी जाम में फंसे रहे, एमबूलेंस भी नहीं निकल पाईं। नौकरीपेशा समय से अपने कार्यालयों में नहीं पहुंच पाए। ये हालात ऐसे ही बने रहेंगे, जब तक ये मूवमेंट चलता रहेगा।

किसान मूवमेंट शुरू होने के कुछ घंटों बाद ही राजनीति भी आरंभ हो गई। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अपना समर्थन दे दिया। कांग्रेस ने कहा दिल्ली बॉर्डर पर बैरिकेडिंग, वाटर कैनन, दंगा नियंत्रण गाड़ियां और अमित शाह की पूरी पुलिस तैनात की गई। ऐसा प्रतीत होता है जैसे की उनको किसी आंतकवादी को रोकना या पकड़ना हो? किसान भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा और फसल के सही दाम की मांग लेकर दिल्ली आकर सोती सरकार को जगाना चाहते हैं इसमें बुरा क्या है? वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से बयान आया जिसमें कहा गया कि राष्ट्र की राजधानी किसी की बपौती तो है नहीं? फिर किसान क्यों नहीं आ सकते? प्रधानमंत्री पर भी उन्होंने हमला किया। बोले, किसानों पर बर्बरता के नए आयाम रच रहे हैं प्रधानमंत्री। उनके दिल में अन्नदाताओं के लिए रत्ती भर सम्मान नहीं है। कांग्रेस का मानना है कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर दिल्ली आना चाहते हैं, उन्हें आने देना चाहिए, उनपर वाटर कैनन का प्रयोग करना गलत है। दरअसल, ऐसे मौकों पर विपक्ष का बिना सोचे समझे कूद पड़ना, 'आग में घी डालने' का काम कर जाता है। जबकि, उन्हें केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर विकल्प और समाधान की ओर ध्यानाकर्षण करवाना चाहिए। ताकि सरकार आंदोलनकारियों से बात करने पर विवश हो? पर, दुर्भाग्य ऐसा हो नहीं पाता और न ही विपक्ष ऐसा प्रयास करता है।

## संपादकीय

### ड़ोनाल्ड़ ट्रंप की बेचैनी

डोनाल्ड़ ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी, 2025 को शपथ लेंगे लेकिन उन्होंने अभी से अपनी नीतियों और कार्यक्रमों पर अमल करना शुरू कर दिया है। ट्रंप ने अपने मंत्रिमंड़ल में ऐसे लोगों का चयन किया है जो घरेलू एवं विदेश मोर्चे पर उनकी नीतियों से सहमत हैं। अमेरिका की घरेलू आर्थिक नीतियों का दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ता है। वह अपने चुनाव सभाओं में कहा करते थे कि वह अमेरिकी हितों की रक्षा के लिएटैरिफ का इस्तेमाल करेंगे। ट्रंप ने कनाड़ा और मैक्सिको जैसे देशों से आने वाले सामानों पर 25 फीसद टैरिफ लगाने की घोषणा करके इन देशों की बेचैनी बढ़ा दी है। आर्थिक नीतियों का इस्तेमाल राजनीतिक और रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिएभी किया जाता है। यदि इन देशों से आने वाले सामानों पर आयात शुल्क बढ़ाते हैं तो यह इनके खिलाफ एक रणनीतिक कदम माना जाएगा। ट्रंप यहीं पर नहीं रुके, बल्कि अपनी संरक्षणवादी नीतियों को विस्तार देते हुए ब्रिक्स देशों को भी चेतावनी दी है कि वे ड़ॉलर का इस्तेमाल बंद कर-के नई करंसी लॉन्च करते हैं तो ब्रिक्स देशों पर 100 फीसद टैरिफ लगाया जाएगा।



ब्रिक्स की अफ्रीका में संपन्न शिखर वार्ता में ब्राजीली राष्ट्रपति लूला ड़िसिल्वा ने ब्रिक्स करंसी का सुझाव दिया था। ब्रिक्स करंसी के जरिए विश्व व्यवस्था पर वर्चस्व कायम करने वाले अमेरिकी ड़ॉलर का दबदबा खत्म हो सकता है। अमेरिका और पश्चिमी देशों के घटते प्रभाव के कारण विभिन्न महाद्वीपों के अनेक देश ब्रिक्स में शामिल होना चाहते हैं। जाहिर है कि ब्रिक्स अमेरिका के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। ब्रिक्स की संभावित करंसी को लेकर ट्रंप की बेचैनी समझी जा सकती है। ट्रंप इस खतरे को अच्छी तरह समझ रहे हैं। हालांकि दुनिया में नई करंसी का प्रचलन बहुत जटिल और दुरुह प्रक्रिया है। इसी बात को ध्यान में रखकर ब्रिक्स देशों ने तय किया है कि फिलहाल नई करंसी के स्थान पर विभिन्न देशों की राष्ट्रीय करंसी में आपसी व्यापार किया जाए। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि यदि अमेरिका आपात शुल्क में बढ़स्रेतरी करता है तो उसके सहयोगी यूरोपीय देशों पर भी इसका विपरीत असर पड़ेगा। बड़ा सवाल है कि क्या ट्रंप अपने सहयोगी देशों को नाराज करके आयात शुल्क बढ़ाने की घोषणा को लागू कर पाएंगे। उनका पहला कार्यकाल विवादों से भरा हुआ था। क्या ड़ोनाल्ड़ ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भी उनकी तुनकमिजाजी के लिए याद किया जाएगा।

## चिंतन-मनन

### मन को जगाएं

दूसरा महायुद्ध चल रहा था। भीषण बमवर्षा हो रही थी। पूरा लंदन नगर संत्रस्त था। सारे नगर में भय का साम्राज्य छाया हुआ था। पर उसी नगर में एक बूढ़ी महिला निश्चिंत रूप से सोती और निश्चिंत जागती। आस-पास के लोगों की नींद पूरी तरह गायब हो चुकी थी। वे न सुख से सो पाते और न सुख से जाग पाते। दूसरे सभी जागते, किन्तु बुढिया निश्चिंत सोती, गहरी नींद लेती। लोगों ने बुढिया से पूछा, मां! क्या बात है? सारा नगर भय से आप्रान्त है। यहां कोई भी सुख की नींद नहीं सो सकता। तुम कैसे सुखपूर्वक सो जाती हो? इसका रहस्य क्या है? बुढिया ने कहा, बेटा! इसका रहस्य यही है कि मेरा प्रभु सदा जागता है। फिर मैं क्यों जागती रहूं? दो को जागने की जरूरत नहीं है। यह सच है। जब मन जाग जाता है, फिर कोई जागे या न जागे, कोई जरूरत नहीं है। किसी को जगाने की भी जरूरत नहीं है। वास्तविकता तो यह है कि मन के जगाने पर कोई सोया रह नहीं सकता। सबको जागना ही पड़ता है। एक के जागने पर सब जाग जाते हैं। एक के सोने पर सब सो जाते हैं। मन का मार्ग बहुत लम्बा-चौड़ा और दीर्घ है। वह एक क्षण में सारी दुनिया का चक्कर लगा सकता है। मन को साधने के बाद उसका भटकाव मिट जाता है, प्रमाद मिट जाता है, सोने की आदत मिट जाती है। फिर वह पूर्ण अनुशासित हो जाता है, नियंत्रित हो जाता है। जागरूकता का विकास सिद्धान्त को जानने मात्र से नहीं होता। उसका विकास तब होता है, जब साधक उचित दिशा में जागरूकता का अभ्यास करे।

# बांग्लादेश के सत्ता संघर्ष में भारत और हिंदू मोहरा बने?



सनत जैन

बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना को भारत सरकार ने पनाह दे रखी है। जिस तरह से उन्होंने धांधली कर चुनाव जीता था, उसके बाद से ही उनके खिलाफ बांग्लादेश में वातावरण बनने लगा था। रही सही कसर अदानी समूह के साथ बिजली समझौते ने बांग्लादेश की राजनीति और सत्ता संघर्ष को बढ़ाने का काम किया। कहा जाता है, शेख हसीना ने इस समझौते में भारी भ्रष्टाचार करते हुए बिजली का अनुबंध किया था। बांग्लादेश में चुनाव जीतने के लिए जिस तरह से चुनाव कराए गए थे। विपक्षियों को चुनाव में भाग लेने से रोका गया था। उसके बाद से ही शेख हसीना को बांग्लादेश में चारों तरफ से चुनौतियां मिलना शुरू हो गई थी। वह तानाशाही की तरफ बढ़ती चली जा रही थीं। विपक्षियों का दमन किया जा रहा था। महंगाई और बेरोजगारी जैसे मामलों में शेख हसीना सरकार की उपेक्षा के परिणाम स्वरूप छात्र आंदोलन सड़कों पर आ गया। आंदोलनकारी छात्रों के ऊपर गोलियां चलाई गई। इससे माहौल बुरी तरह से बिगड़ गया। एक समय ऐसा भी आया, जब शेख हसीना को अपनी जान बचाकर बांग्लादेश से भागना पड़ा। उन्होंने भारत में शरण ली। भारत में शरण लेने के बाद वह निरंतर यूनुस सरकार पर हमलावर हैं। जिसके कारण बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में तनाव बढ़ता चला जा रहा है। इसका असर बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं और भारत के संबंधों पर पड रहा है। शेख हसीना के समय बांग्लादेश में जिस तरीके का नरसंहार हुआ था। पुलिस और सेना ने आम नागरिकों के ऊपर जिस तरह के अत्याचार किए थे। हाल ही में शेख हसीना ने नरसंहार के लिए उस समय के निर्वासित नेता यूनुस को जिम्मेदार ठहराने वाला बयान दिया है। 4 माह पहले शेख हसीना बांग्लादेश से जान बचाकर भारत में शरण ली है। वह भारत में बैठकर जिस तरीके के बयान लगातार दे रही हैं। उसके कारण भारत के बांग्ला देश के साथ संबंध लगातार खराब हो रहे हैं। अदानी का बिजली वाला समझौता भी बांग्लादेशी नागरिकों को यह बता रहा है। महंगी दरों पर बिजली खरीद करके शेख हसीना ने भारी भ्रष्टाचार किया था। शेख हसीना के भ्रष्टाचार की चर्चा घर-घर में हो रही है। शेख हसीना को बचाने के लिए भारत सरकार अपने राजनायिक रिश्तो को बलि पर चढ़ा दिया है। बांग्लादेश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के स्थान पर, शेख हसीना को बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप करने का अवसर भारत सरकार द्वारा दिया जा रहा है। वर्तमान स्थिति में जिस तरह से भारत सरकार को बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में जो प्रयास करना चाहिए। बांग्लादेश सरकार से बातचीत करके मामले को सुलझाने की पहल करनी चाहिए। उसके स्थान पर भारत बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ अघोषित रूप से एक पार्टी बनकर उभर रही है। भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानो के साथ जिस तरह का व्यवहार हो रहा है। उसकी प्रतिक्रिया अब बांग्लादेश में भी देखने को मिल रही है। जिसके कारण बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ नरसंहार की एक नई शुरूआत देखने को मिल रही है। जो इसके पहले कभी भी बांग्लादेश में नहीं थी। इस्कॉन मंदिर अभी तक किसी राजनीति में नहीं रहता था। बांग्लादेश में इस्कान मंदिर के स्वामी ने जिस तरह का बयान दिया। उसे कहीं से भी न्याय संगत नहीं ठहराया जा सकता है। इस्कान मंदिर हमेशा प्रेम और सद्भाव के कारण सारी दुनिया में तेजी के साथ फैला। बांग्लादेश में वह भी विवादित बन गया है। अंतरिम सरकार के राष्ट्रपति मोहम्मद यूनुस हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता को प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके पास इसके ठोस आधार हैं। उन्होंने शेख हसीना पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रत्यापन की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच में प्रत्यावर्तन संधि का समझौता है। भारत को इसका पालन करना चाहिए। भारत सरकार को बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को सामान्य और बेहतर बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। भारत सरकार इस मामले को हिंदू और मुसलमान के एंगल से देखकर शेख हसीना को बचाने के चक्कर में खुद एक पार्टी बन गईं है। जिससे भारत की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य मामलों में पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को लेकर दूरियां बनना शुरू हो गई हैं। यह स्थिति चिंताजनक है। हाल ही में भारत के कई हिस्सों में बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन हुए हैं। भारत में बांग्लादेश के सत्ता संघर्ष को हिंदू-मुस्लिम एंगल से देखा जा रहा है। कहीं ना कहीं भारत सरकार की विदेश नीति में पहली बार यह गड़बड़ी होते हुए देखी जा रही है। भारत सरकार बांग्लादेश के साथ सीधी बात क्यों नहीं कर रही है। इसको लेकर भी तरह-तरह की चचाएं होने लगी हैं। शरणार्थी के रूप में शेख हसीना भारत में रह रही हैं। कम से कम उन्हें बयान देने से भारत सरकार द्वारा रोका जाना चाहिए। यदि यह संदेश बांग्लादेश में जा रहा है, कि शेख हसीना भारत में रहते हुए बांग्लादेश की सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही हैं। भारत से बैठकर वह बांग्लादेश की राजनीति कर रही हैं। भारत सरकार का उन्हें समर्थन प्राप्त हो रहा है। ऐसी स्थिति में बांग्लादेश और भारत के संबंधों को सामान्य नहीं बनाया जा सकता है। वर्तमान स्थिति में बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं को सुरक्षित कर पाना संभव नहीं होगा। भारत में जिस तरह से मुसलमानो के धार्मिक क्षेत्रों की खुदाई की जा रही है। जगह-जगह सर्वे की शुरूआत हो चुकी है। भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानो के साथ जिस तरह का व्यवहार हो रहा है। इसका असर भी बांग्लादेश के हिंदुओं पर पडता हुआ दिख रहा है। भारत सरकार को बड़ी गंभीरता से वर्तमान स्थिति को देखते हुए बांग्लादेश के साथ अपने राजनीतिक और कूटनीतिक संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। अन्यथा बांग्लादेश के साथ-साथ भारत में भी कानून व्यवस्था की स्थिति दिनों दिन खराब हो सकती है। इस बात का भी ध्यान भारत सरकार को रखना होगा। जब तक शेख हसीना भारत में शरण लेकर रह रही हैं। भारत सरकार को उनको भी अनावश्यक बयान देने से नियंत्रित करने की जरूरत है। यहां रहते हुए वह इस तरह का कोई बयान नहीं दें। शेख हसीना के बयान से दोनों देशों के संबंधों पर विपरीत असर पड़े। होना तो यह चाहिए, भारत सरकार को शेख हसीना को किसी ऐसे देश में शरण दिलाने की दिशा में प्रयास करने चाहिए। शेख हसीना भारत में नहीं रहेगी, तभी भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य हो सकते हैं। भारत और बांग्ला देश पड़ोसी देश हैं। भारत सरकार जितनी जल्दी बांग्लादेश के आंतरिक विवाद से दूर होगी, उतनी ही जल्दी भारत सरकार और बांग्लादेश के संबंध सामान्य हो सकते हैं। बांग्लादेश में रह रहे हिंदू भी सुरक्षित होंगे। भारत सरकार को इस विषय पर गंभीरता से चिंतन करते हुए अपने संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। भारत को बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में दखल देने के स्थान पर अपने हितों को सुरक्षित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

# शेयर बाजारः गिरावट का गुणा गणित



राहुल लाल




भारतीय शेयर बाजार पिछले कुछ समय से लगातार गिरावट का रुख है और बेंचमार्क निफ्टी और स्मॉलकैप 100 अपने सार्वकालिक उच्चतम स्तर से 10 फीसद से ज्यादा टूट चुके हैं। बाजार कमजोर नतीजों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली का पहले से दबाव झेल रहा था। इस बीच, खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी और डॉलर में मजबूती ने चिंता बढ़ा दी है। बाजार के उच्चतम स्तर से 10 फीसद से ज्यादा फिसलने को ही 'तकनीकी रूप से गिरावट' कहा जाता है।

डॉलर में मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड में तेजी के मद्देनजर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारत से अपना निवेश लगातार निकाल रहे हैं। अक्टूबर में विदेशी निवेशकों ने 94,017 करोड़ डॉलर की निकासी की तो नवम्बर में 21,612 डॉलर की। अमेरिकी फेड रेट में कटौती के बाद से ही एफपीआई में निकासी जारी है। बीते माह चीन सरकार ने स्पेशल राहत पैकेज का ऐलान कर अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने की कोशिश की। इस राहत पैकेज ने भी विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया। इसलिए विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल कर अमेरिका और चीन के बाजार में निवेश करना शुरू कर दिया। विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से दूरी बनाई तो घरेलू निवेशकों ने शेयर बाजार में मोर्चा संभाला। लेकिन चिंता की बात यह है कि घरेलू निवेशकों में काफी ऐसे हैं, जिन्हें शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था की मोटी-मोटी जानकारियां नहीं हैं। कड़वी सच्चाई है कि शेयर बाजार से 90 फीसद से ज्यादा रिटेलर पैसे नहीं बना पाते, बल्कि अपनी मेहनत से कमाए पैसे गंवा जरूर देते हैं। रिटेल निवेशकों को समझना होगा कि अभी जब निजी इक्विटी फर्मं, प्रवर्तक इकाइयां इत्यादि शेयर बाजार से दूरी बना रही हैं, तब वे बिना रिसर्च किए शेयर बाजार में निवेश करेंगे, तो उनका निवेश कैसे सुरक्षित रह सकता है?

शेयर बाजार काफी जोखिम भरा होता है, एक छोटी सी गलती निवेशक को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। आज सोशल मीडिया पर कई इनफ्लुएंसर ज्ञान देते हैं कि किस शेयर में निवेश करना चाहिए। हमें इनसे प्रभावित होकर निवेश नहीं करना चाहिए। जब भी किसी कंपनी के शेयर खरीदें, तो आपको उस कंपनी के बारे में गहन रिसर्च करनी चाहिए। शेयर बाजार में कई कंपनियों में उतार-चढ़ाव कृत्रिम किस्म का होता है, जिसमें बड़े खिलाड़ी तो लाभ लेकर निकल जाते हैं, परंतु छोटे खुदरा निवेशक बर्बाद हो जाते हैं। सरकार और सेबी जैसे नियामकों के लिए आवश्यक है कि शेयर बाजार में कृत्रिम उतार-चढ़ाव को लेकर सदैव सख्त रहें। छोटे निवेशकों की पूंजी न डूबे, इसके लिए सेबी और सरकार को भी कुछ सेफगार्ड बनाने चाहिए। निवेशकों को शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था की बारीकियों की सीख देने के लिए भी सेबी को गंभीरता से कदम उठाने चाहिए। निवेशकों को भी अर्थव्यवस्था की विभिन्न चुनौतियों को समझने का प्रयास करना चाहिए। उदाहरण के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय एक ओर महंगाई और दूसरी ओर सुस्त होती रफ्तार से जूझ रही है। आरबीआई के लिए आवश्यक है कि महंगाई को 6प्र. के दायरे में रखे जबकि इस समय खुदरा महंगाई दर 6.2 प्रतिशत है। आरबीआई इस दृष्टि से ब्याज दरों में कटौती नहीं कर सकता। ब्याज दरों में कटौती करेगा, तो महंगाई और बढ़ जाएगी। दूसरी तरफ, इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर केवल 5.4 फीसदी रही, जो 7 तिमाहियों में सबसे कम है। इस समय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए सस्ते कर्ज की जरूरत है, जिसके लिए आरबीआई को ब्याज दर में कटौती करनी होगी परंतु महंगाई दर के कारण यह संभव नहीं। ब्याज दरें कम नहीं हुई तो आर्थिक सुस्ती जल्द ही आर्थिक मंदी की ओर अग्रसर हो जाएगी।

कुल मिला कर ब्याज दरें घटाने की गुंजाइश सीमित होना अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार के लिए अच्छी खबर नहीं है। ऐसे में निवेशकों को परिस्थितियों के अनुसार निवेश की योजना बनानी चाहिए। शेयर बाजार में जो हाहाकार मचा है, उसमें विदेशी निवेशकों की भारी-भरकम निकासी भी प्रमुख कारण है। स्पष्ट है कि भारत को टिकाऊ स्तर पर उच्च निवेश की आवश्यकता है, ताकि लंबी अवधि तक देश ऊंची वृद्धि दर हासिल कर सके। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जिस तरह उच्च स्तर पर निकासी की है, उससे बचने के लिए आवश्यक है कि अर्थव्यवस्था के सभी उच्चतर संकेतकों को मजबूत रखा जाए। देश विकास के जिस चरण में है, वहां हमारी घरेलू बचत 'जीडीपी वृद्धि' के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में विश्व से टिकाऊ पूंजी जुटाने की जरूरत है। भारत में आने वाली विदेशी पूंजी कई लक्ष्यों के साथ आती है। उदाहरण के लिए कुछ एफपीआई केवल भारत और अमेरिका की ब्याज दरों के अंतर का लाभ उठाने के लिए आते हैं। ऐसे निवेश अल्पकालिक प्रकृति के हो सकते हैं, और बहुत जल्दी वापस चले भी जाते हैं।

## बिहार राज्य में बड़े पैमाने पर हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत



दबंग हिन्द,संवाददाता

**पटना।** गुरुवार को बिहार राज्य के संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षाकर्मियों के लिए वेतन संरचना निर्धारित कर प्रतिमाह वेतन भुगतान की मांग को लेकर फैक्टनेब द्वारा शुरू किए गए हस्ताक्षर अभियान में राज्यभर से भारी भागीदारी देखी गई। पहले दिन लगभग 10 हजार शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, छात्र, छात्राएं, और आम नागरिकों ने इस अभियान में हिस्सा लिया और अपना हस्ताक्षर किया।

फैक्टनेब के अध्यक्ष डॉ. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो. राजीव रंजन, और मीडिया प्रभारी प्रो. अरुण गौतम, साथ ही अन्य वरिष्ठ नेता प्रो. सुशील कुमार झा, डॉ. मणिन्द्र कुमार और डॉ. सुमन्त कुमार सिन्हा ने बताया कि यह हस्ताक्षर अभियान 220 संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में शुरू हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार और राज्य सरकार से शिक्षाकर्मियों के वेतन संरचना को निर्धारित कर नियमित वेतन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग करना है।

हस्ताक्षर अभियान में भाग लेने वालों में शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, अधिवक्ता, पत्रकार, किसान, बुद्धिजीवी, कामगार, और जनप्रतिनिधि शामिल थे। फैक्टनेब नेताओं ने बताया कि यह अभियान फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री को हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

# रेलवे जल्द जारी करेगा का नया क्यू आर कोड

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बिहार।** अब रेल यात्रियों को ट्रेन में सफर के दौरान असली और नकली वेंडरों की पहचान करने में आसानी होगी। भारतीय रेलवे सभी कैटरिंग ठेकेदारों के वेंडरों और सहायकों के लिए क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र अनिवार्य कर रहा है। इस क्यूआर कोड को स्कैन करने पर यात्रियों को वेंडर का नाम पता आधार नंबर मोबाइल नंबर लाइसेंसी ठेकेदार का नाम आदि की पूरी जानकारी मिल जाएगी।

जागरण संवाददाता, सिवान। ट्रेन में सफर के दौरान कोच और प्लेटफॉर्म पर घूमते अवैध वेंडर रेल यात्रियों के स्वास्थ्य और जानमाल के लिए बड़ा खतरा हैं, लेकिन जल्द ही रेल यात्री अपने स्मार्टफोन से असली-नकली वेंडरों की पहचान कर सकेंगे। भारतीय रेल में सभी कैटरिंग ठेकेदारों के वेंडरों-सहायकों के लिए क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र अनिवार्य किया जा रहा है।



इसे स्कैन करने पर यात्री के मोबाइल स्क्रीन पर वेंडर का नाम, पता, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, लाइसेंसी ठेकेदार का नाम आदि की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। इसमें बेडरोल आपूर्ति करने वाले कोच सहायकों, ऑनबोर्ड हाउस कीपिंग ठेकेदार के सफाई कर्मियों को भी शामिल किया गया है।

**लाइसेंसी ठेकेदारों को होता है नुकसान**

दरअसल, चलती ट्रेन में अवैध वेंडर गुणवत्ताहीन खाद्यान्न, पेयपदार्थ, कोल्ड ड्रिंक, स्नैक्स, चाय-काफी आदि बिक्री कर स्टेशन आने से पहले उतर जाते हैं। स्टेशनों पर भी चोरी-छिपे इस काम को अंजाम देते है। इससे न सिर्फ लाइसेंसी ठेकेदार को राजस्व का नुकसान होता है, बल्कि रेल यात्रियों की सेहत से भी खिलवाड़ होता है।

**क्यूआर कोड से क्या-क्या पता लगेगा?**

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि क्यूआर कोड आधारित पहचान पत्र में वेंडरों-सहायकों की फोटो, पुलिस सत्यापन की तारीख, स्वास्थ्य फिटनेस प्रणाम पत्र, ठेके की अवधि आदि के दस्तावेज को देखा जा सकता है।

## अररिया में 6 दिसंबर को नियोजन मेला का आयोजन, युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

दबंग हिन्द,संवाददाता

**नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है, जो हाई स्कूल +2 उच्च विद्यालय, अररिया के प्रांगण में सुबह 10 बजे से 04 बजे तक होगा**




**अररिया।** अररिया जिले में 6 दिसंबर 2024 को एक दिवसीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है, जो हाई स्कूल +2 उच्च विद्यालय, अररिया के प्रांगण में सुबह 10 बजे से 04 बजे तक होगा। इस मेले का उद्देश्य जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

इस मेला में फ्लिपकार्ट, एलआईसी, एसआईएस, बजाज फोरबेसगंज, निम्सन हर्बल इंडिया, गुडविल इंडिया, चैतन्य फैन टेक जैसी प्रमुख कंपनियां भाग ले रही हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने बताया कि यह मेला जिले के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, जिसमें 10वीं, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बी.टेक, एमबीए आदि योग्यताएं रखने वाले अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

नियोजन मेला में प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा और इसके लिए एनसीएस पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर पंजीकरण करना आवश्यक है। पंजीकरण की सुविधा जिला नियोजनालय अररिया के कार्यालय और मेला स्थल पर भी उपलब्ध होगी। पंजीकरण के बाद आवेदकों को अपने साथ नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा, और योग्यता से संबंधित सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति लानी होगी। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में करियर के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन मिलेगा और उन्हें नौकरी पाने के लिए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से साक्षात्कार करने का अवसर भी मिलेगा। जिला प्रशासन ने युवाओं से इस मेले में भाग लेकर इसका अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री उद्यमी योजना में 204 लोगों पर होगा एक्शन




दबंग हिन्द,संवाददाता

**गोपालगंज।** मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत पूर्व में ऋण प्राप्त करने वाले लाभुकों में से 204 ऐसे हैं, जिन्होंने आजतक अपने उद्योग का यूनिट ही स्थापित नहीं किया है। ऐसे लाभुकों की सूची तैयार करने के बाद उन्हें नोटिस भेजे जाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

नोटिस के बाद भी उद्योग स्थापित नहीं करने वालों पर कार्रवाई तय हो गई है। इनके अलावा 352 ऐसे भी लाभुक हैं, जिन्होंने पूर्व में ऋण प्राप्त करने के बाद अबतक एक भी किश्त राशि का भुगतान नहीं किया है। उनसे भी राशि वसूली की कार्रवाई की जाएगी। इन चिह्नित लाभुकों को उद्योग विभाग की ओर से अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

जिला उद्योग केंद्र ने बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार व उद्योग यूनिट की स्थापना के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है। इन लाभुकों में से कुल 352 लाभुक ऐसे हैं, जिन्होंने ऋण की राशि का भुगतान अबतक प्रारंभ नहीं किया है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में राष्ट्रीय भारतीय समाज का प्रभावी आक्रोश मार्च

दबंग हिन्द,संवाददाता

**मधेपुरा।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे बढ़ते अत्याचारों के विरोध में राष्ट्रीय भारतीय समाज द्वारा एक विशाल आक्रोश मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च दुर्गा स्थान रेलवे कॉलोनी से शुरू होकर कपूरी चौक, मुख बाजार, कॉलेज चौक, बस स्टैंड होते हुए समाहरणालय गेट पर समाप्त हुआ। इस मार्च में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदुओं, पर हो रहे हमलों और हिंसा के खिलाफ आवाज उठाई।

मार्च के समापन के बाद, राष्ट्रीय भारतीय समाज का एक प्रतिनिधिमंडल जिला पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचा, जहां उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति और माननीय प्रधानमंत्री के नाम एक मांग पत्र सौंपा। इस पत्र में बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं, पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा किए जा रहे हमलों, लूटपाट, हत्या, आगजनी और महिलाओं के खिलाफ अमानवीय अत्याचारों की कड़ी निंदा की गई।



**चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर विरोध**

मांग पत्र में बांग्लादेश सरकार द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की कड़ी आलोचना की गई। प्रतिनिधिमंडल ने इस गिरफ्तारी को अन्यायपूर्ण और अलोकतांत्रिक बताते हुए बांग्लादेश सरकार से अनुरोध किया कि वह उन्हें तुरंत रिहा करे और उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को वापस ले। इस्कॉन के संन्यासी ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के अधिकारों के लिए शांतिपूर्वक आवाज उठाई थी, जिससे उनकी गिरफ्तारी और उत्पीड़न को लेकर व्यापक चिंता जताई गई।

**भारत सरकार से अपील**

मांग पत्र में भारत सरकार से यह भी अनुरोध किया गया कि वह बांग्लादेश में हो रहे इन अत्याचारों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सख्त कदम उठाए। भारत सरकार से यह अपील की गई कि वह बांग्लादेश में धार्मिक सहिष्णुता और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी दबाव बनाए, ताकि हिंदू और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को रोका जा सके।

**राष्ट्रीय भारतीय समाज का संकल्प**

राष्ट्रीय भारतीय समाज के कई प्रमुख कार्यकताओं और नेताओं ने इस विरोध मार्च में भाग लिया। इसमें जिला संयोजक संजय सागर, सह संयोजक अमित बिहारी, इंदु शेखर, जटाशंकर जी, दिलीप सिंह, तरुण जी, विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक सौरभ यादव, नवनीत सम्राट, राजू सनातन, अक्षय कुमार, अंकित कुमार, ललन जी, अनंत कुमार, अभिषेक कुमार और अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

संजय सागर ने कहा, हम बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ एकजुट हैं। हम बांग्लादेश सरकार से मांग करते हैं कि वह तुरंत इन अत्याचारों को रोके और इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को रिहा करे। हम भारत सरकार से भी अपील करते हैं कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से ले और वैश्विक मंच पर इस पर दबाव बनाए।

**समाज की एकजुटता और संकल्प**

राष्ट्रीय भारतीय समाज ने इस मार्च के माध्यम से यह संदेश दिया कि वे बांग्लादेश के पीड़ित हिंदू समुदाय के साथ खड़े हैं और भारत सरकार से बांग्लादेश में धार्मिक स्वतंत्रता और शांति की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाने की मांग करते हैं।

मार्च और इस मांग पत्र के माध्यम से राष्ट्रीय भारतीय समाज ने बांग्लादेश सरकार पर दबाव डाला कि वह हिंदू समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को तुरंत रोके, ताकि उनके अधिकारों की रक्षा हो सके और दुनिया में शांति और भाईचारे का माहौल बना रहे।

## बिजली फ्री के बाद तेजस्वी यादव ने किया एक और वादा, नीतीश कुमार के वोटरों में सेंधमारी की कोशिश

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बिहार।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनाव से पहले एक और बड़ा वादा कर दिया है। उन्होंने इस बार का वादा जीविका दीदियों से किया है। इससे पहले उन्होंने 200 यूनिट फ्री बिजली का वादा किया था। इस दौरान तेजस्वी यादव ने बिहार में अफसरों के काम काज पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में अफसरों को लूट की छूट दे दी गई है। बिहार में अपराध बढ़ा है। लॉ एंड आर्डर की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। ब्लाक से लेकर थाने तक में भ्रष्टाचार व्याप्त है। उक्त बातें गुरुवार को खगड़िया परिसदन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कही। वे कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम को संबोधित करने खगड़िया आए थे।



**तेजस्वी ने जीविका दीदी से कर दिया वादा, नीतीश की बढ़ाई टेंशन**

कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने मीडिया से बात की। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जीविका दीदियों को जदयू के कैडर के रूप में तब्दील करना चाह रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि यदि राजद की सरकार बनती है, तो दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी और जीविका दीदियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बता दें कि जीविका दीदी बनीं अधिकांश महिलाएं नीतीश कुमार की वोटर्स मानी जाती हैं। ऐसे में तेजस्वी ने यह दांव चलकर कहीं उनके वोटरों में सेंधमारी की कोशिश तो नहीं कर रहे हैं।

तेजस्वी यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि, उनकी यात्रा पर 250 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसका लाभ केवल चुनिंदा लोगों को मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री का जनता दरबार भी समस्याओं का समाधान करने में असफल रहा है। बिहार में अफसरों को लूट की छूट दे दी गई है।

**स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर तेजस्वी ने सरकार पर बोला हमला**

स्मार्ट प्रीपेड मीटर का जिक्र करते हुए कहा कि यह योजना जनता के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही है। तेजस्वी ने मौजूदा सरकार को भी इस मुद्दे पर कार्रवाई करने के लिए विवश करने का संकल्प लिया। उन्होंने भाजपा पर आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया। कहा कि, हम इसको, सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेंगे।

**बिहार को विशेष राज्य का दर्जा कब मिलेगा? : तेजस्वी यादव**

नेता प्रतिपक्ष ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा के सवाल पर सूबे की सरकार और केंद्र सरकार दोनों को घेरा। उन्होंने सवाल किया, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा कब मिलेगा? अभी तो राज्य में और केंद्र में भी एनडीए की सरकार है। बोले, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विशेष राज्य के दर्जे की मांग पर अब चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने इसे बिहार के साथ धोखा और सौतेला व्यवहार करार दिया। तेजस्वी यादव ने कहा, खगड़िया से पलायन हो रहा है। महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है। लेकिन इस ओर से केंद्र और राज्य सरकार दोनों उदासीन है। सरकार इन समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है।

**तेजस्वी ने गिनवाई 17 महीने की उपलब्धि**

उन्होंने 17 महीने के महागठबंधन सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि उनके कार्यकाल में पांच लाख नौकरियां सृजित हुई। 50,000 करोड़ रुपये के एमओयू साइन किए गए, और जाति आधारित जनगणना पूरी की गई। उन्होंने विश्वास जताया कि जैसे झारखंड में चुनाव जीता है, वैसे ही बिहार में भी महागठबंधन की जीत होगी।

इस मौके पर राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व खगड़िया के पूर्व सांसद चौधरी महबूब अली कैसर, राजद के जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव, अलौली विधायक रामवृक्ष सदा आदि मौजूद रहे।

### एक नजर

## अचानक दिल्ली पहुंच गए विजय सिन्हा, झट मोदी से की मुलाकात



**पटना।** उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री से शिष्टाचार-भेंट के दौरान राज्य से जुड़े जनसरोकार के मुद्दे पर भी सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान राज्य के विकास को लेकर प्रधानमंत्री से मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। विशेषकर विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की भूमिका को लेकर प्रधानमंत्री से विशेष मार्गदर्शन मिला। उनकी ओर से विगत दिनों लखीसराय में "राज्य युवा उत्सव" के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त की गई। उन्होंने समेकित विकास में युवाओं को अधिक से अधिक भागीदार बनाने का निर्देश भी दिया। सिन्हा ने कहा कि विगत दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने युवाओं को देश के विकास में सर्वोच्च स्थान दिया है। 2014 में शासन में आते ही यह सरकार युवा नीति-2014 लेकर आई। विगत दस वर्षों में करीब 400 नए विश्वविद्यालय खोले गए। इसी सरकार के प्रयासों से आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम वाला देश बना है। 28 लाख करोड़ से अधिक जो मुद्रा लोन दिए गए हैं, उससे भी हमारे युवा ही सर्वाधिक लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य की डबल इंजन सरकार भी लगातार युवाओं को विकास का वाहक बनाने में जुटी है। उद्योग, पर्यटन, फिल्म, आईटी, खेल से जुड़े जो भी नीतिगत पहल हाल के दिनों में हमारी सरकार ने लिए हैं। उन सभी में विशेष रूप से युवाओं को लक्षित किया गया है। राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर भी प्रधानमंत्री से जो परिचर्चा हुई। उसमें भी उनकी ओर से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का निर्देश मिला है। राज्यसभा सदस्य और बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने सीएजी (कैग) रिपोर्ट को लेकर जदयू-भाजपा की एनडीए सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नीतीश-भाजपा की जोड़ी ने मिलकर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को खोखला कर दिया है। कैग की रिपोर्ट ने राज्य सरकार और उनकी कार्यशैली की धज्जियां उड़ा दी है। साथ ही सरकार की जन उपेक्षा को खुलेआम कर कठघरे में खड़ा कर दिया है। डॉ. अखिलेश ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य संरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर आडिट रिपोर्ट, 2016-2022 की रिपोर्ट से यह समझ में आता है कि कैसे बिहार के स्वास्थ्य व्यवस्था को ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा ने आईसीयू में झोंक रखा है। वर्ष 2016-17 से 2021-22 के दौरान किए गए 69,790.83 करोड़ के बजट प्रविधानों में से बिहार ने केवल 48,047.79 करोड़ खर्च किए गए। 21,743.04 करोड़ रुपयों का उपयोग तक नहीं किया गया।

## पीएस कॉलेज मधेपुरा में मधेपुरा की महिलाओं की शैक्षिक स्थिति



**मधेपुरा।** पार्वती साइंस कॉलेज, मधेपुरा के भूगोल विभाग में 'मधेपुरा की महिलाओं की शैक्षिक स्थितिः कारण एवं निदान' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार एवं क्वीज प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. अशोक कुमार ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अक्षय कुमार चौधरी ने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की शैक्षिक स्थिति को समझना और इसके सुधार के उपायों पर चर्चा करना था।


प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि आजकल उच्च शिक्षा की स्थिति बहुत दयनीय हो गई है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर सरकारी अंकुश को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यह व्यवस्था प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर पार्वती साइंस कॉलेज को उठाया, जहां नैक की मान्यता मिलने के बावजूद आज तक कोई सकारात्मक बदलाव नहीं आया। साथ ही, उन्होंने जेएनयू जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी अनुदान में कटौती का उल्लेख किया।

मुख्य वक्ता डॉ. अक्षय कुमार चौधरी ने मधेपुरा क्षेत्र की महिलाओं की शैक्षिक स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि पुस्तक अवलोकन (बुक व्यू) और फील्ड अवलोकन (फील्ड व्यू) के माध्यम से इस स्थिति को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारतीय संविधान ने महिलाओं को समानता का अधिकार दिया, लेकिन अभी भी महिलाओं के लिए शिक्षा में सुधार की दिशा में और प्रयासों की आवश्यकता है।

भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उनका विभाग लगातार ऐसे सेमिनार आयोजित करके छात्रों में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास करता है। उन्होंने महिला शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जा सकता है। प्राचीन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद शरफ्राज आलम ने महिला शिक्षा के इतिहास पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि कैसे शिक्षा व्यवस्था में महिला शिक्षा के लिए प्रगति और गिरावट आई। उन्होंने इस दिशा में सुधार की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार, गणित विभाग के डॉ. क्रिशानु देयासी, मनोविज्ञान विभाग के डॉ. राजेश कुमार अनुपम, जंतु विज्ञान विभाग के डॉ. ब्रजेश कुमार, राजनीति शास्त्र विभाग के डॉ. मनोज कुमार, अंग्रेजी विभाग के डॉ. छोटे लाल यादव, मैथिली विभाग की डॉ. मंजू कुमारी, और वाणिज्य विभाग की डॉ. संध्या ठाकुर सहित कई अन्य शिक्षकों ने भी महिला शिक्षा पर अपने विचार साझा किए।

सेमिनार के दौरान क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें रूपेश कुमार, खुशबू खातून, अमित राज, श्वेता कुमारी, और तमन्ना प्रवीण को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अन्य छात्रों में रूपक राज, आदित्य कुमार, स्वीटी कुमारी, रूपम कुमारी, मोहम्मद सोनू, सूरज कुमार, सोनू कुमार, गणेश कुमार, अजीत कुमार, रणवीर कुमार, और जीवका कुमारी ने भी सेमिनार में सक्रिय भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। यह सेमिनार शिक्षा के महत्व को उजागर करने के साथ-साथ महिलाओं की शिक्षा के अधिकार और उनके समग्र विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम था।

## घर में अचानक लगी आग, पार्किंग एरिया में खड़ी स्विफ्ट कार सहित लाखों की संपत्ति राख



**अररिया।** प्रखंड क्षेत्र के मदनपुर चांद भाग में बुधवार की रात अचानक लगी आग ने एक परिवार की लाखों की संपत्ति को राख कर दिया। इस घटना में घर सहित खड़ी कार, अनाज, दस्तावेज और फर्नीचर जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गए। पीड़ित बी बी माहेनाज पत्नी रकीब रेजा ने बताया कि बुधवार रात करीब 2:30 बजे उनके आवासीय घर में आग लग गई। आग के कारण घर पूरी तरह जलकर राख हो गया, और घर के बाहर पार्किंग एरिया में खड़ी स्विफ्ट कार (नंबर बी 38 एएच 3213) भी पूरी तरह जल गई। कार में रखे सभी दस्तावेज, ट्रस्ट डीड, और अन्य महत्वपूर्ण कागजात भी जल गए। इसके अलावा, घर में रखा लगभग 50 क्विंटल धान, 40-50 हजार का लकड़ी का फर्नीचर, और अन्य सामान भी आग में जलकर नष्ट हो गए। अगलगी की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने घरेलू संसाधनों के माध्यम से आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो आसपास के कई घरों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी, जिससे और बड़ा नुकसान हो सकता था। अंचलाधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित राजस्व कर्मचारी को घटनास्थल भेजा गया है। जांच के बाद पीड़ित को मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



# राजकुमार राव ने आदित्य निंबालकर के साथ मिलाया हाथ, इस ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने इस साल कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया और अपनी दमदार अदाकारी से दिल जीता। वे मिस्टर एंड मिसेज माही के बाद स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर के साथ नजर आए, जिसकी सफलता का जश्न उन्होंने खूब धूमधाम से मनाया था। वे आखिरी बार विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आए। हालांकि, यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। वहीं, अब राजकुमार राव की नई फिल्म को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

## अभिनय के साथ करेंगे फिल्म का निर्माण

रिपोर्ट्स के अनुसार, राजकुमार राव ने अपनी नई फिल्म के लिए निर्देशक आदित्य निंबालकर के साथ हाथ मिलाया है। आदित्य निंबालकर फिल्म सेक्टर 36 का निर्देशन कर चुके हैं। यह नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल फिल्म होगी। रिपोर्ट में दावा किया गया कि राजकुमार राव निर्देशक आदित्य निंबालकर द्वारा निर्देशित इस अनाम फिल्म के साथ निर्माता बनने जा रहे हैं।

वहीं, फिल्म की कहानी की बात करें तो यह एक हत्या की पृष्ठभूमि पर आधारित एक डार्क कॉमेडी है। राजकुमार राव को यह विषय इतना पसंद आया कि उन्होंने इसे खुद ही प्रोड्यूस करने का फैसला किया। अभिनेता ने एक निर्माता की जिम्मेदारी ली और फिर नेटफ्लिक्स के साथ डायरेक्ट-टू-डिजिटल डील पर साझेदारी की।

कहा गया कि राजकुमार राव इस अभी तक बिना शीर्षक वाली नेटफ्लिक्स ओरिजिनल फिल्म की शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू करेंगे और फिल्म का प्रीमियर अगले साल के अंत तक प्लेटफॉर्म पर होगा। सभी को विषय पसंद आया है और डिजिटल माध्यम पर फिल्म की संभावनाओं को लेकर सभी उत्साहित हैं। यह फिल्म हत्या की जांच की कहानी को दिखाएगी, जिसकी पटकथा काफी दिलचस्प होगी।

## राजकुमार की आने वाली फिल्में

इस फिल्म में राजकुमार राव अब अभिनय के साथ-साथ इसके सह-निर्माता भी बनेंगे। आदित्य निंबालकर निर्देशित इस फिल्म के अलावा राजकुमार राव को एक और फिल्म के लिए भी साइन किया है। इस बारे में जल्द ही ज्यादा जानकारी सामने आएगी। वहीं, बात करें अभिनेता की आने वाली फिल्मों के बारे में तो वह पुलकित द्वारा निर्देशित मालिक में नजर आएंगे, जिसकी शूटिंग फिलहाल जारी है।



# फिल्मों में अलग किरदार निभा कोंकणा सेन शर्मा ने अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया

**बॉलीवुड इंडस्ट्री में कोंकणा सेन शर्मा को उनकी बेहतरीन अदाकारी के लिए जाना जाता हैं। उन्होंने अपने बहुमुखी अभिनय के लिए हर जगह प्रशंसा बटोरी है। नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी कोंकणा अपना 44वां जन्मदिन मना रही हैं। कोंकणा ने बचपन से ही अभिनय करना शुरू कर दिया था। इस अभिनेत्री ने 1983 की फिल्म इंदिरा में एक बाल कलाकार के रूप में अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने जितनी भी फिल्में कीं, उनमें अपने अभिनय की अलग दमदार छाप छोड़ी। उन्होंने हर फिल्म में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया है। ऐसे में चलिए जानते हैं कोंकणा की कुछ बेहतरीन भूमिकाओं के बारे में।**

## तलवार

तलवार मोटे तौर पर 2008 के नोएडा दोहरे हत्याकांड पर आधारित थी, जिसमें एक किशोरी और उसके परिवार का नौकर शामिल था। यह फिल्म एक मामले की तीन अलग-अलग दृष्टिकोणों से जांच की कहानी को दिखाती है, जिसमें पुलिस जांच में उसके माता-पिता हत्या के आरोपों में या तो दोषी पाए जाते हैं या निर्दोष। कोंकणा सेन शर्मा ने फिल्म में एक मां की भूमिका निभाई है। इसमें इरफान खान और नीरज काबी भी मुख्य भूमिका में हैं।

## ओमकारा में इंदु त्यागी के रूप में

कोंकणा सेन शर्मा ने विशाल भारद्वाज की प्रतिष्ठित फिल्म ओमकारा में इंदु त्यागी की भूमिका निभाई थी। एक गांव की साधारण महिला कोंकणा सेन शर्मा ने चरित्र की गहराई में उतर कर उसकी भाषा और बोली पर पूरी पकड़ बना ली, साथ ही चरित्र के लिए अपेक्षित व्यवहार और मासूमियत भी हासिल कर ली। वह एक घरेलू दर्शक से एक ऐसी महिला में बदल जाती हैं, जो अपने जीवन की जिम्मेदारी स्वयं उठाती है।

## मिस्टर एंड मिसेज अय्यर में बनीं मीनाक्षी अय्यर

कोंकणा सेन शर्मा के करियर की शुरुआती फिल्मों में से एक में उन्होंने एक तमिल ब्राह्मण महिला की भूमिका में अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया, जो गर्व, खुशी और दर्द को अत्यंत स्पष्ट तरीके से व्यक्त करती है। फिल्म के कई दृश्यों में यह बात स्पष्ट है कि वह बिना कोई संवाद बोले सिर्फ अपने हाव-भाव से ही आपके दिल पर वार कर सकती हैं।

## पेज 3 में माधवी शर्मा के रूप में कोंकणा

कोंकणा सेन शर्मा की अब तक की सर्वश्रेष्ठ भूमिकाओं में से एक मधुर भंडारकर की फिल्म पेज 3 में एक महत्वाकांक्षी पत्रकार की भूमिका है। यह फिल्म अपने समय से बहुत आगे थी और इसमें हिंदी फिल्म उद्योग के अंधेरे पक्ष को शानदार ढंग से दिखाया गया था, जिसमें कोंकणा सेन शर्मा केंद्र में थे। उनका चरित्र उनके जीवन की मुश्किलों को दर्शाता है। इसमें अतुल कुलकर्णी, संध्या मृदुल, तारा शर्मा, अंजू महेंद्रू और बोमन ईरानी भी हैं। 2005 में रिलीज हुई इस फिल्म ने तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते। पेज 3 का निर्देशन मधुर भंडारकर ने किया था और बॉबी पुष्करना और कविता पुष्करना ने इसका निर्माण किया था।



# करण औजला म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए देश आने की कर रहे तैयारी, नए गाने को लेकर भी दी जानकारी

करण औजला भारतीय सिंगर है, वह अपने पंजाबी गानों के लिए देश भर में मशहूर है। वैसे वह ज्यादातर कनाडा में रहते हैं। जल्द ही उनका भारत के कई शहरों में म्यूजिक टूर होने वाला है। इस बात को लेकर वह काफी उत्साहित हैं। अपने भारत आने की तैयारियों को वह अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए फैंस के साथ साझा कर रहे हैं। कुछ देर पहले भी उन्होंने इंस्टाग्राम की स्टोरी सेक्शन में एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह पैकिंग करते हुए नजर आ रहे थे।

## म्यूजिक कॉन्सर्ट को लेकर हैं खुश

करण औजला ने जो वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है, उसमें वह काफी खुश नजर आ रहे हैं। वह वीडियो में अपने दोस्तों से पूछ रहे हैं कि किस तरह के कपड़े पैक करें। इसके बाद वह लगेज बैग के साथ नजर आते हैं। हर वीडियो में भारत का झड़ा उन्होंने टैग किया हुआ है। करण जल्द ही भारत पहुंच जाएंगे। देश के आठ शहरों में वह अपना म्यूजिक कॉन्सर्ट करने वाले हैं।

## नए गाने की जानकारी भी दी

इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए ही करण औजला ने अपने नए गाने की जानकारी भी दी है। वह टी सीरीज के साथ एक गाना कर रहे हैं, जो कि पांच तारीख को रिलीज होगा। इस गाने का नाम 'आए हाय' है। अपने नए गाने को लेकर भी करण काफी खुश हैं।

## तौबा-तौबा पर अब तक झूम रहे हैं लोग

करण औजला का गाना 'तौबा-तौबा' इसी साल विक्की कौशल की फिल्म 'बैड न्यूज' में सुनने को मिला था। शादियों के इस सीजन में भी लोग करण के इस गाने पर झूम रहे हैं। करण के म्यूजिक कॉन्सर्ट में भी फैंस को यह गाना जरूर सुनने को मिलेगा। करण का यह टूर 7 दिसंबर से लेकर 21 दिसंबर तक होगा। इस म्यूजिक टूर का नाम 'इट वाज ऑल ए ड्रीम' है। चंडीगढ़, दिल्ली, मुंबई के अलावा कुछ और शहरों में भी करण का म्यूजिक कॉन्सर्ट होगा।

## दर्शकों को हैरान कर देंगे

सूत्रों के अनुसार करण अपने म्यूजिक टूर की तैयारियां लगभग एक साल से कर रहे थे। इस टूर के जरिए वह पंजाबी कल्चर और इंडियन म्यूजिक को सेलिब्रेट करना चाहते हैं। साथ ही म्यूजिक टूर में वह अपने फैंस को कोई बड़ा सरप्राइज भी देने वाले हैं।

# रिटायरमेंट नहीं, कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहता हूं



विक्रांत मैसी अपने रिटायरमेंट को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। इस बीच अभिनेता का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह रिटायरमेंट नहीं, बल्कि कुछ दिनों के लिए ब्रेक लेने जा रहे हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' फेम विक्रांत मैसी का लेटेस्ट बयान सामने आया है। अभिनेता ने नए बयान में कहा, मेरे लिए एक्टिंग ही सब कुछ है। आज मेरे पास जो कुछ भी है, वह मुझे एक्टिंग ने ही दिया है। मेरे मेंटल और फिजिकल हेल्थ पर इसका बहुत असर पड़ रहा है। ऐसे में मैं बस कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहता हूं, मैं अपने स्किल को और बेहतर बनाना चाहता हूं। थोड़ा ब्रेक चाहता हूं। अभिनेता ने कहा, मेरे पोस्ट का गलत अर्थ निकाला गया है कि मैं एक्टिंग की दुनिया छोड़ रहा हूं या इससे रिटायरमेंट ले रहा हूं। मैं अपने परिवार और स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहता हूं, जब सही समय लगेगा तो मैं वापस आ जाऊंगा। उन्होंने लिखा, हैलो, पिछले कुछ साल और उससे आगे का समय मेरे लिए काफी शानदार रहा है। मैं आप सभी को समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। लेकिन, जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ रहा हूं, मुझे एहसास हो रहा है कि यह समय फिर से संभलने और एक पति, पिता, बेटे और अभिनेता के रूप में घर वापस जाने का है। इसलिए, साल 2025 में हम एक-दूसरे से आखिरी बार मिलेंगे। जब तक समय सही न लगे। एक बार फिर से धन्यवाद, हर चीज के लिए आप सभी का हमेशा आभारी रहूंगा। विक्रांत मैसी अपनी हालिया रिलीज 'द साबरमती रिपोर्ट' की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। मैसी की 'जीरो से रीस्टार्ट' भी 20 दिसंबर को रिलीज के लिए तैयार है।

# बिग बॉस 18 में होगी शालिनी पासी की वाइल्ड कार्ड एंट्री



बिग बॉस 18 में शालिनी पासी वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री करने जा रही हैं। वह इस हफ्ते बुधवार और गुरुवार को शूट करेंगी। एक्ट्रेस 'फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स से सुर्खियों में आई हैं। शालिनी पासी को 'फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स शो से काफी पहचान मिली है। इस शो ने उन्हें एक नया फेम और ऑडियंस के बीच पॉपुलैरिटी दिलाई है। ऑडियंस अब बिग बॉस में उनके एंट्री को लेकर काफी उत्साहित हैं।

ओरी जैसे रोल में नजर आएंगी

रिपोर्ट्स के मुताबिक, शालिनी का रोल बिग बॉस 18 में पिछले सीजन के ओरी जैसा हो सकता है, जिसने शो में अपने अंदाज और ड्रामा से ऑडियंस को काफी अट्रैक्ट किया था। शालिनी का किरदार और भी इंट्रिगिंग हो सकता है। शालिनी पासी को रियलटी शो फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स का अनुभव है। ऐसा माना जा रहा है कि उनका ये अनुभव इस बार बिग बॉस में उन्हें कॉन्फिडेंस और रणनीति से गेम खेलने में मदद करेगा। शालिनी की एंट्री के बाद बिग बॉस में नए ट्विस्ट और ड्रामा का माहौल बन सकता है। उनके आने से शो में कुछ नया देखने को मिल सकता है, जो ऑडियंस को शो से जोड़े रखेगा। सूत्रों का मानना है कि बिग बॉस में उनकी एंट्री उनके करियर में एक नया मोड़ ला सकती है।

## इस सीजन में पहले भी हुई वाइल्ड कार्ड एंट्री

सलमान खान के रिएलिटी शो बिग बॉस में सबसे पहले दिग्विजय राठी और कशिश कपूर की बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई। उसके बाद एडिन रोज, अदिति मिस्त्री और यामिनी मल्होत्रा भी शो में बतौर वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट शामिल हुईं।



# कभी क्रिकेट खेला, कभी पायलट की ट्रेनिंग ली पर मैं टिका किसी में नहीं

**वेब सीरीज जुबली के जय खन्ना के रूप में दर्शकों का दिल जीतने वाले ऐक्टर सिद्धांत गुप्ता इन दिनों अपनी नई सीरीज फ्रीडम ऐट मिडनाइट को लेकर चर्चा में हैं। सीरीज में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने वाले सिद्धांत से खास बातचीत।**

कभी अंडर 14 क्रिकेट में राष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व तो कभी दिल्ली में पायलट बनने की ट्रेनिंग लेने वाले सिद्धांत बताते हैं, मुझे बहुत टाइम तक पता नहीं था कि मुझे जिंदगी में करना क्या है। बचपन में क्रिकेट का शौक था। मुझे लगता था कि मैं खेलने के लिए पैदा हुआ हूं, जैसे ज्यादातर बच्चों को लगता है। नैशनल खेलने के लिए स्कूल से छुट्टी मिल जाती थी तो अंडर 14 क्रिकेट में खेला, मगर ऐसा नहीं लगा कि मैं सारी जिंदगी यही करना चाहता हूं। फिर, अंडर 17 में बास्केटबॉल और स्विमिंग में भी भागीदारी की, पर मैं टिका किसी में नहीं। दिल्ली में पायलट की पढ़ाई कर रहा था, वहीं मॉडलिंग करने लगा। उसमें भी यही लगा कि मैं ये पूरी उम्र नहीं कर सकता। तब सोचा कि आगे क्या करूं? तो मुंबई आ गया, यहां ऐक्टिंग की शुरुआत हुई, मगर तब भी ये नहीं लगा कि यही मेरी जिंदगी है।

## लंदन के उस वर्कशॉप ने बदली लाइफ

सिद्धांत अपने ऐक्टिंग करियर के टर्निंग पॉइंट के बारे में बताते हैं, मैं जब टीवी से फिल्मों में आने की कोशिश कर रहा था, तब फिल्म भूमि में एक कैमियो किया था। वो फिल्म मेरी नहीं थी, फिल्म चली भी नहीं, तब मुझे लगा कि मैं क्या कर रहा हूं? क्यों कर रहा हूं? अगर मुझे वाकई ऐक्टिंग करना है तो या इस सवाल का जवाब ढूंढ लूं कि यह क्यों करना है या फिर कोई और काम ढूंढ लूं, क्योंकि एक ही जिंदगी है। तब मैं एक महीने के लिए सबसे दूर अकेले लंदन चला गया। वह मेरी जिंदगी का पहला सोलो ट्रिप था। वहां मैं एक ड्रामा स्कूल से जुड़ गया, वर्कशॉप करने लगा और वहां मैंने पहली बार आर्ट का जादू महसूस किया। मेरे लिए वह वर्कशॉप टर्निंग पॉइंट रहा।

## पंडित नेहरू का रोल निभाना बड़ी चुनौती

सीरीज फ्रीडम ऐट मिडनाइट में पंडित जवाहर लाल नेहरू की चुनौतीपूर्ण भूमिका से जुड़ने और उसमें ढलने के बाबत सिद्धांत ने बताया, जुबली के बाद मैं एक चैलेंजिंग रोल ढूंढ रहा था, जो मुझे मिल नहीं रहा था। ऐसे में, जब निखिल अडवानी सर ने मुझे पंडित जवाहरलाल नेहरू के रोल में चुना तो मुझे खुद यकीन नहीं था कि मैं इसे ठीक से निभा पाऊंगा या नहीं। यह बहुत बड़ा किरदार है। वह इंसान नहीं, एक इमोशन हैं। इसलिए, यह एक बड़ी जिम्मेदारी थी लेकिन निखिल सर ने कहा कि मैं उनकी पहली पसंद हूं, तो मेरा भरोसा भी बढ़ गया। ऐसे डायरेक्टर्स की यही खूबी होती है कि वे आप पर भरोसा करते हैं। वह विक्रमादित्य मोटवाने हों या निखिल अडवानी, दोनों ने मुझे खुला छोड़ दिया कि तुम्हें जो ठीक लगता है, वो करो। हालांकि, इस बार चुनौती ज्यादा बड़ी थी और मेरे पास तैयारी के लिए महज दो महीने थे। मैंने यूट्यूब पर पंडित नेहरू के काफी विडियो देखे। उनकी लिखी किताबें पढ़ी ताकि उनकी सोच को समझ सकूं।

# चंकी पांडे ने की अनन्या की तारीफ





बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे ने अपनी बेटी अनन्या पांडे की तारीफ की है। खो गए हम कहां के लिए बेस्ट एक्टर फीमेल का अवॉर्ड मिला है। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा, मुझे तुम पर बहुत गर्व है। खो गए हम कहां के लिए फिल्म फेयर बेस्ट एक्टर अवॉर्ड इस पोस्ट पर अनन्या पांडे के प्रशंसकों ने प्रतिक्रिया दी है। चंकी पांडे अक्सर अपनी बेटी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। उन्होंने इस पोस्ट में अनन्या पांडे की तस्वीर साझा की है, इस में वे फिल्म फेयर अवॉर्ड लिए नजर आ रही हैं।

# पुरुष जूनियर एशिया कपः भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराकर जीता खिताब




**मस्कट, (एजेंसी)।** अराएजीत सिंह हुंदल के चार गोलों की बदौलत भारत ने बुधवार को पुरुष जूनियर एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। इसी के साथ भारत पांचवीं बार यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गई हैं। आज यहां ओमान के मस्कट खेले गये फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद ने मैच के तीसरे मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके एक मिनट बाद भारत के अराएजीत सिंह हुंदल ने पेनल्टी कार्नर की मदद से चौथे मिनट में गोल कर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया।

इसके बाद भारत के अराएजीत सिंह हुंदल ने एक बार फिर कमाल करते हुए दूसरे क्वार्टर में 18वें मिनट में फिर से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद दिलराज सिंह ने 19वें मिनट में गोलकर भारत की बढ़त 3-1 कर दी। पाकिस्तान के लिए सुफिया खान ने 30वें और 39वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। तीसरा क्वार्टर समाप्त होने के बाद दोनों टीमों का स्कोर तीन-तीन से बराबर रहा। चौथे क्वार्टर मे अराएजीत सिंह हुंदल ने 47वें मिनट में मैदानी गोल और उसके बाद 54वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोलकर स्कोर को 5-3 कर भारत की जीत सुनिश्चत कर दी। भारतीय ने लगातार दूसरी बार पुरुष जूनियर एशिया कप का खिताब जीता है। भारत ने 2023 में भी टूर्नामेंट का चैंपियन रहा था। इससे पहले भारत ने 2015 और 2008 और 2004 में भी यह खिताब जीता था। उल्लेखनीय है कि भारत ने मंगलवार को सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया था।

# गोवा ने लगाई जीत की हैट्रिक, हैदराबाद एफसी के खिलाफ बटोरे पूरे तीन अंक



**हैदराबाद (एजेंसी)।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में हैदराबाद एफसी का अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालायोगी एथलेटिक स्टेडियम में हारने का सिलसिला जारी है। मेजबान टीम को अपने घर पर खेले चौथे मैच में भी हार मिली, जब एफसी गोवा ने बुधवार रात आईएसएल 2024-25 में जीत की हैट्रिक पूरी करते हुए मुकाबला 2-0 से अपने नाम किया।

एफसी गोवा की जीत में राइट विंगर उदांता सिंह ने 33वें और स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना ने 44वें मिनट में गोल किए। स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना को दूसरा गोल करने और मिडफील्ड में दमदार खेल दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। एफसी गोवा 10 मैचों में पांच जीत, तीन ड्रा और दो हार से 18 अंक लेकर तालिका में छठे से तीसरे स्थान पर आ गई है।

वहीं, अपनी टीम की लगातार तीसरी हार से हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो जरूर निराश होंगे। हैदराबाद एफसी 10 मैचों में दो जीत, एक ड्रा और सात हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर बनी हुई है। यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 11वां मुकाबला था और आज एफसी गोवा ने छठी बार जीत हासिल की है जबकि हैदराबाद ने तीन मैच जीते हैं। दो मैच ड्रा रहे हैं।

मैच का पहला गोल 33वें मिनट में आया, जब राइट विंगर उदांता सिंह ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। 44वें मिनट में स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना ने गोल करके एफसी गोवा की बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया।

पहले हाफ में दबदबा एफसी गोवा का रहा क्योंकि राइट विंगर उदांता सिंह और स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना के गोल की बदौलत बढ़त बनाई और उसे बरकरार रखा। लिहाजा, एफसी गोवा 2-0 की बढ़त के साथ हाफ टाइम ब्रेक पर गई। गेंद पर ज्यादा नियंत्रण एफसी गोवा का 62 फीसदी रहा। गोवा ने छह प्रयास किए और दो शॉट टारगेट पर रखे, जिन पर गोल आए। वहीं, गेंद पर 38 फीसदी कब्जा रखने वाली हैदराबाद एफसी की ओर से आठ प्रयास किए गए, जिनमें से तीन शॉट टारगेट पर भी रहे लेकिन गोल नहीं आया।

# केएल राहुल और जायसवाल पारी की शुरुआत करेंगे, रोहित शर्मा इस क्रम पर करेंगे बल्लेबाजी



**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आज कहा कि शुक्रवार से एडिलेड में शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पारी की शुरुआत और वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने उतरेंगे। मैच से पहले गुरुवार को रोहित ने कहा, 'वह पारी की शुरुआत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा मैं मध्यक्रम में बल्लेबाजी करूंगा।'

मध्य क्रम में अपनी बल्लेबाजी को लेकर रोहित ने कहा, 'यह एक अभ्यास मैच था। इसी कारण से हमने अधिक कुछ सोचे बिना, अपना खेल आगे बढ़ाना चाह रहे थे। पहले से ही एक दिन बारिश के कारण धुल चुका था। हम चाह रहे थे कि हमें थोड़ा गेम टाइम मिले। हम मैच के डिटेल के बारे में अधिक कुछ नहीं सोच रहे थे। हमने गुलाबी गेंद के साथ अधिक नहीं खेला है तो हम चाह रहे थे कि हमें इस गेंद के साथ खेलने का अवसर मिले।'

रोहित ने राहुल की अनुकूलन क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा, 'राहुल ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी पारी ने हमें वह स्थिरता दी जिसकी हमें जरूरत थी।' जायसवाल के प्रदर्शन पर रोहित ने कहा, 'जायसवाल की पारी ने उनकी उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता दिखाई। राहुल के साथ उनकी साझेदारी टर्निंग पॉइंट थी।'

भारतीय कप्तान ने कहा, 'पर्थ जैसी पिच पर 500 रन बनाना बहुत बड़ी बात है। बाहर से यह देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा और इसमें कोई बदलाव करने की भी जरूरत नहीं है। व्यक्तिगत तौर पर यह मेरे लिए आसान नहीं था लेकिन टीम के लिहाज से यह तकर्संगत भी था। गुलाबी गेंद खेल में एक नया आयाम जोड़ती है। हम अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने और पर्थ से मिली लय को जारी रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'

# भारत और पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप का सेमीफाइनल में किया प्रवेश



**शारजाह (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को अपने-अपने ग्रुप मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करते हुए अंडर-19 एशिया कप का सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इससे पहले युद्धजीत गुहा (तीन विकेट), चेतन शर्मा और हार्दिक राज(दो-दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद वैभव सूर्यवंशी (नाबाद (76) और आयुष म्हात्रे (67) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप के 12वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 10 विकेट से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे की भारतीय सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज बल्लेबाजी करते हुए महज 16.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 143 रन पर बनाकर 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। वैभव सूर्यवंशी ने 46 गेंदों में तीन चौके और छह छक्के लगाते हुए (नाबाद (76) रनों की पारी खेली। आयुष म्हात्रे ने 51 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (नबाद 67) रन बनाये।

इससे पहले आज यहां यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 17 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। आर्यन सक्सेना (नौ) और यायीन राय (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद 15वें ओवर में हार्दिक राज ने इथन डिसूजा (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अक्षत राय (26), मोहम्मद रयान (35) और उद्दीश सुरी (16) रन पर आउट हुये। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे यूएई के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके और यूएई की पूरी टीम 44 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से युद्धजीत गुहा ने तीन विकेट लिये। चेतन शर्मा और हार्दिक राज को दो-दो विकेट मिले। केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में मोहम्मद रियाजुल्लह (नाबाद 66), शाहजेब खान (45) और फहम-उल-हक (34) की शानदार पारियों के बाद मोहम्मद हुजैफा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप के 11वें एकदिवसीय मुकाबले में जापान को 180 से करारी शिकस्त देते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 244 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जापान की टीम को मोहम्मद हुजैफा आठ रन देकर (पांच विकेट), मोहम्मद अहमद , अहमद हुसैन ने (दो-दो) विकेट तथा फहम-उल-हक ने एक विकेट के कहर का सामना करना पड़ा। जापान की ओर से निहार परमार ने सर्वाधिक (25) रनों की पारी खेली। जापान के 10 खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने 28.3 ओवर में जापान को 68 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला 180 रनों से जीत लिया।

इससे पहले आज यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जापानी गेंदबाजों ने शुरुआत में पाकिस्तान के किसी भी बल्लेबाज को अधिक देर तक पिच पर नहीं टिकने दिया। कप्तान साद बेग (तीन), हारून अरशद (नौ), फरहान यूसफ (10) और फहम-उल-हक (34) और तैय्यब आरिफ (20) रन बनाकर आउट हुये। 25वें ओवर में 100 रन के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां कर पाकिस्तान की टीम संकट में फंस गई थी। ऐसे संकट के समय शाहजेब खान मोहम्मद रियाजुल्लह ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 82 रनों की साझेदारी हुई। छठे विकेट के रूप में शाहजेब खान (45) का विकेट गिरा। मोहम्मद रियाजुल्लह (66) और अहमद हुसैन (30) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 243 रन बनाये। जापान की ओर से निहार परमार ने दो विकेट लिये। के वाई लेक ,के वॉल, चार्ल्स हिंजे, और तिमुती मूरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। शुक्रवार को सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला श्रीलंका से होगा। और इसी दिन दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान की टीम बंगलादेश से भिड़ेगी।

# बजरंग ने किया किसानों का समर्थन



सोनीपत । ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा है कि वह हमेशा किसानों के साथ रहेंगे। किसानों के दिल्ली कूच की घोषणा को लेकर बजरंग ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि वह किसानों के साथ कल भी थे, और आगे भी रहेंगे। साथ ही कहा, 'यह दुख की बात है कि जब हमारे किसान भाई आंदोलन कर रहे थे, तब उनकी शहादत भी हुई और अब भी आंदोलन जारी है पर उनकी समस्या हल नहीं हुई। किसानों को शांतिपूर्वक अपनी मांगें रखने का अधिकार है पर उन्हें रोका जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारे उपराष्ट्रपति ने भी यह सवाल उठाया कि अगर सरकार ने लिखित में किसाने से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का वादा किया था, तो अब तक किसानों को वह क्यों नहीं दिया गया? उनके इस बयान का हम स्वागत करते हैं क्योंकि वह किसानों की आवाज उठाने के लिए आगे आए हैं। किसानों की मुख्य मांग है कि उन्हें अपनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिले जिससे वे अपनी जिंदगी ठीक से चला सकें। यह कोई बड़ी मांग नहीं है; हर व्यक्ति को उसकी मेहनत के अनुसार मूल्य मिलना चाहिए।' इसलिए चाहे वह शंभू बॉर्डर पर आंदोलन हो या किसी और जगह, मेरा समर्थन किसानों के साथ है।' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों ने जो आंदोलन किया था, वह उनके अधिकारों के लिए था, और राजनीति से परे था।

# विराट को फिर कप्तान बना सकती है आरसीबी : अश्विन



मुम्बई । दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि विराट कोहली को एक बार फिर से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपना कप्तान बना सकती है। आरसीबी ने 2025 सत्र के लिए नीलामी के बाद अपनी नई टीम बना ली है पर इस टीम का अगला कप्तान कौन होगा वह अभी साफ नहीं हुआ है। विराट के अलावा इस टीम में क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार ही दो ऐसे खिलाड़ी है जिन्हें कप्तानी का दावेदार माना जा रहा है। अश्विन का मानना है कि विराट आईपीएल सत्र सीजन के लिए कप्तानी संभाला सकते हैं। कोहली ने साल 2022 में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी पर 2023 में फॉफ डुप्लेसिस के चोटिल होने के बाद कुछ मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी करनी पड़ी थी। आरसीबी की ओर से फिलहाल कप्तान को लेकर कुछ नहीं कहा जा रहा है पर अश्विन को लगता है कि ये पहले से तय है। उन्होंने कहा कि कोहली ही कप्तान की भूमिका में नजर आएंगे क्योंकि आरसीबी ने नीलामी के तहत किसी ऐसे खिलाड़ी को नहीं खरीदा जो कप्तान बन सके। अश्विन ने ये भी कहा कि आरसीबी के लिए ये नीलामी अच्छी रही क्योंकि उन्होंने अपनी टीम को संतुलित किया और सही खिलाड़ियों का चयन किया है। अश्विन ने कहा कि आरसीबी ने आरटीएम का ज्यादा इस्तेमाल किए बना ही अपने पहले 12-14 खिलाड़ियों को समझदारी से खरीदा। उन्होंने कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि उनकी नीलामी बेहतरीन रही। उन्होंने संतुलन बनाए रखा और इंतजार करते हुए जरुरत के अनुसार खिलाड़ी खरीदे।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने भारत को पांच विकेट से हराया



**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** मेगन शूट (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद जॉर्जिया वॉल (नाबाद 46) और फीबी लिचफील्ड (35) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम को पांच विकेट से हरा दिया है।

100 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वॉल और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिय 48 रन जोड़े। सातवें ओवर में रेणुका सिंह ने फीबी लिचफील्ड (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद नौवें ओवर में रेणुका ने एलिस पेरी (एक), बेथ मूनी (एक) को आउट कर भारत को वापसी की उम्मीद जताई। ऐनाबेल सदरलैंड (6) और एश्ली गार्डनर (आठ) को प्रिया मिश्रा ने आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में पांच विकेट पर 102 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। मेगन शॅट को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

भारत की ओर से रेणुका सिंह ने तीन विकेट लिये। प्रिया मिश्रा ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने महज 19 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। स्मृति मंधाना (आठ) और प्रिया पुनिया (तीन) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद हरलीन देओल और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। 12वें ओवर में एश्ली गार्डनर ने हरलीन देओन (19) रन को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। इसके बाद सदरलैंड ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (23) और ऋचा घोष (14) रन बनाकर आउट हुई। शेष कोई भी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की पूरी टीम 34.2ओवर में 100 के स्कोर पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेगन शूट ने पांच विकेट लिये। किम गार्थ, एश्ली गार्डनर, ऐनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी भारतीय टीम




**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। ये मैच दिन-रात का है और इसलिए गुलाबी गेंद से खेला जाएगा। इस मैच से कप्तान रोहित शर्मा औ शुभमन गिल टीम में वापसी करेंगे। रोहित दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पर्थ में खेले गये पहले टेस्ट में शामिल नहीं थे जबकि शुभमन चोटिल होने के कारण बाहर थे। भारतीय टीम ने पर्थ में हुए पहले टेस्ट में 295 रनों से बड़ी जीत दर्ज की है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। ऐसे में वह दूसरे टेस्ट में भी जीत के साथ ही सीरीज में अपनी बढ़त को और आगे ले जाना चाहेगी। पहले टेस्ट में के एल राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करते हुए शानदार साझेदारी बनायी थी। इसी के बाद से ही सवाल उठ रहे थे कि कप्तान रोहित की वापसी के बाद वह पारी की शुरुआत करेंगे या राहुल और यशस्वी को ही ये जिम्मेदारी देंगे। इस का जवाब रोहित ने दिया है और कहा है कि राहुल और यशस्वी ही पारी शुरु करेंगे और वह मध्यक्रम में जरुरत के अनुसार उतरेंगे। वहीं शुभमन किया जगह पर उतरेंगे ये भी देखना होगा।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौर में एडिलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी पहली पारी में 36 रन पर आउट हो गया थी लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी करके श्रृंखला जीती थी। इस बार भारतीय टीम पहले मैच में जीत से उत्साह से उत्साहित है, इसलिए वह गुलाबी गेंद वाले इस मैच में बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी।

दिन-रात्रि टेस्ट मैच हालांकि भारतीय बल्लेबाजों के सामने अलग तरह की चुनौती पेश करेगा। गुलाबी गेंद से अतिरिक्त सीम मूवमेंट मिलता है और भारतीय बल्लेबाजों को इससे पार पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया का दिन रात्रि टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा रहा है। उसने अभी तक घरेलू धरती पर जो 12 दिन रात्रि टेस्ट मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन पहले टेस्ट मैच में करारी शिकस्त झेलने के कारण इस बार उसकी टीम पर दबाव रहेगा। रोहित मध्यक्रम में कहीं भी उतरें वह बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया में भी उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं है और वह इसमें सुधार करना चाहेंगे। रोहित और शुभमन अंतिम एकादश में देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल की जगह लेंगे।

# पृथ्वी को मिला पीटरसन और वॉटसन का साथ



लंदन । खराब दौर से गुजर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को अब दो दिग्गज क्रिकेटरों का समर्थन मिला है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने पृथ्वी का बचाव करते हुए उसे एक असाधारण प्रतिभा बताया है। पृथ्वी पिछले काफी समय ये भारतीय टीम से बाहर हैं। इस दौरान उनका प्रदर्शन घरेलू क्रिकेट में भी खराब रहा जिस कारण उन्हें आईपीएल नीलामी में भी कोई खरीददार नहीं मिला। इसके बाद से ही पृथ्वी को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा था पर और अब उन्हें पीटरसन और औस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन से समर्थन मिला है। इस युवा को आईपीएल में कोई खरीददार नहीं मिलने का कारण फिटनेस और अनुशासनहीनता को माना जा रहा है पीटरसन ने पृथ्वी से कहा है कि उन्हें अपनी ऊर्जा फिट होने में लगानी चाहिए और अगर उन्हें एक बार फिर सफल होना है तो सोशल मीडिया से दूर रहना होगा। पृथ्वी ने किशोरावस्था में पदार्पण करते हुए टेस्ट शतक बनाया था पर अब 25 साल की उम्र में वह असफल खिलाड़ी नजर आ रहे हैं जिसे कोई नहीं लेना चाहता है। आईपीएल में उनकी अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने भी उन्हें 75 लाख रुपए के आधार मूल्य पर भी खरीदने बोली नहीं लगायी। इसका कारण पूर्व क्रिकेटरों के अनुसार मैदान के बाहर की उनकी नकारात्मक छवि है। पीटरसन ने 'सोशल मीडिया में लिखा कि खेल में वापसी की कुछ बेहतरीन कहानियां हैं। अगर पृथ्वी के आस पास अच्छे लोग हैं जो उनकी सफलता की परवाह करते हैं तो वे उन्हें सोशल मीडिया से दूर रहने और पूरी तरह से फिट होने के लिए ट्रेनिंग करने को कहेंगे। यह उसे सही रास्ते पर वापस ले आएगा जहां पिछली सफलता वापस हासिल की जा सकती है। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं। हाल में इस क्रिकेटर को अधिक वजन के कारण ही मुंबई रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था। उनकी सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में वापसी हुई पर वहां भी अब तक विफल रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता की कमी : वॉन



सिडनी । इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि पहले टेस्ट में हार का कारण ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता की कमी होना रहा। वॉन ने कहा कि भारतीय टीम के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के इस मैच में उन्हें कभी भी ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामकता नहीं दिखी थी। उनकी बल्लेबाजी में पहले वाली चमक नहीं थी। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम एडिलेड ओवल में 6 दिसंबर को होने वाले दिन–रात के दूसरे मैच में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से असफल रहा। स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन जैसे बल्लेबाज भी रन नहीं बना पाये केवल ट्रेविस हेड ही कुछ हद तक भारतीय गेंदबाजों का सामना कर पाये। वहीं दूसरी ओर भारतीय टीम की ओर से यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली ने शतकीय पारियों खेली। जिसके कारण मेजबान टीम को विशाल लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से थक गये। वॉन ने कहा कि भातरीय टीम एक बार आत्मविश्वास महसूस करने के बाद बेहद खतरनाक हो जाती है और यह पर्थ में दिखाई दिया क्योंकि उनकी बॉडी लैंग्वेज और खेलने का तरीका आक्रामक था। वॉन ने कहा, भारतीय टीम एक बहुत ही खतरनाक टीम है, खासकर जब उन्हें आत्मविश्वास मिलना शुरू होता है और मुझे लगता है कि हमने पर्थ में यह देखा था। उनके पास वह ऊर्जा और वह आक्रामक स्वभाव है, और यही एक चीज है जिसने मुझे पर्थ में हौरान कर दिया। मुझे पता है कि भारत शीर्ष पर था, लेकिन भारत एक अधिक आक्रामक टीम की तरह लग रहा था। वहीं ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी टीम की तरह लग रहा था जो बस खेल रही थी। उन्होंने कहा, मैंने कोई आक्रामकता नहीं देखी। यशस्वी के खिलाफ बाउंसर थ्योरी नहीं देखी। मैंने मैदान पर किसी तरह का टकराव नहीं देखा। वॉन ने कहा कि शायद ऑस्ट्रेलियाई टीम को रिटायर्ड बल्लेबाज डेविड वार्नर की कमी खली जिन्होंने अपनी बल्लेबाजी और मैदान पर टकराव, स्लेजिंग और मजाक के माध्यम से बहुत ऊर्जा और आक्रामकता दिखाई।

# बुमराह , जेनसन और राउफ आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चयनित

**नई दिल्ली (एजेंसी)** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेनसन और पाकिस्तान के हारिस राउफ को खेल के अलग-अलग प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नवंबर माह के प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए चयनित किया है।

बुमराह को पर्थ में पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट लेने के लिए नामांकित किया गया है।

बुमराह ने इस मैच में पहली पारी में तीन जबकि दूसरी पारी में पांच विकेट के साथ ही कुल आठ विकेट लिए।

वहीं जेनसन ने टी20 और टेस्ट में अपनी टीम को सफलताएं दिलायी हैं। सेंचुरियन में विकेट लेने के अलावा, जेनसन ने सिर्फ 17 गेंदों पर 54 रनों की तूफानी पारी भी खेली। टेस्ट में जेनसन ने श्रीलंका के खिलाफ 11 विकेट लिए। जिसमें पहली पारी में 7-13 विकेट शामिल थे।

इसके अलावा राउफ ने पाकिस्तान के लिए छह एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेलते हुए अपने बेहतरीन फॉर्म में वापसी की। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत मेलबर्न में तीन विकेट लेकर की और सीरीज में बराबरी के लिए अहम पांच विकेट लेकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। पर्थ में सीरीज के निर्णायक मैच में राउफ ने दो और विकेट लिए और सीरीज में शीर्ष 10 विकेट लेकर पांच की इकॉनमी रेट से पाकिस्तान को 2-1 से सीरीज जीतने में मदद की। राउफ ने इसके बाद की टी20 सीरीज में भी अपना फॉर्म जारी रखा और दूसरे मैच में चार विकेट सहित पांच विकेट लिए। इसके अलावा जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय में भी तीन विकेट लिए।



# दिल्ली मेट्रो की केबल चोर काटकर ले गए, ब्लू लाइन पर सेवाएं हुईं बाधित

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पर गुरुवार को केबल चोरी की वजह से सेवाएं प्रभावित हुई हैं। मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच इस घटना के कारण मेट्रो ट्रेनों की गति धीमी कर दी गई, जिससे यात्रियों को देरी का सामना करना पड़ा। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इस घटना पर खेद व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रभावित खंड पर मरम्मत कार्य आज रात परिचालन घंटों के बाद पूरा किया जाएगा। डीएमआरसी ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा के लिए अतिरिक्त समय का प्रावधान रखें। दिल्ली मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की योजना विलंब को ध्यान में रखकर बनाएं। प्रभावित खंड पर मेट्रो सेवाएं सीमित गति से जारी रहेंगी। इस तरह की घटनाओं से न केवल मेट्रो सेवाएं प्रभावित होती हैं, बल्कि यात्रियों को भी काफी असुविधा होती है।

**पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं**

यह पहली बार नहीं है जबकि केबल चोरी से सेवाएं प्रभावित हुई हैं। अगस्त में भी रेड लाइन पर झिलमिल और मानसरोवर पार्क स्टेशनों के बीच सिग्नल केबल चोरी हुई थी, जिससे दिलशाद गार्डन से शाहदरा मार्ग पर ट्रेनों की रफ्तार घटाकर 25 किलोमीटर प्रति घंटा कर दी गई थी।

# जब अभिनेता सलमान खान के शूटिंग सेट पर घुसा अनजान युवक

**– गैंगस्टर का नाम लेते ही मुंबई पुलिस ने लिया हिरासत में**

मुंबई। मुंबई के दादर इलाके में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के शूटिंग सेट पर एक शख्स अवैध रूप से घुस गया। शक होने पर जब उससे पूछताछ की गई तो उसने कहा कि मैं लॉरेंस बिश्नोई को कहूं क्या ? इसके बाद संदिग्ध को पूछताछ के लिए शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन ले जाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक ये घटना मुंबई के परिमंडल–5 में हुई। संदिग्ध ने कथित तौर पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम का इस्तेमाल किया। पुलिस उसकी जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जब यह अज्ञात व्यक्ति अंदर आया तो सलमान खान शूटिंग स्थल पर मौजूद थे। जब उसने लॉरेंस बिश्नोई का नाम लिया तो क्रू में से कुछ लोगों ने उसे देख लिया। फिर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आपको बता दें कि पिछले कुछ समय से सलमान खान लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर हैं और सलमान खान को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर कई बार धमकी भी मिल चुकी है। हाल ही में उनसे 5 करोड़ रुपये की फिरौती भी मांगी गई थी। कुछ महीने पहले सलमान के बांद्रा स्थित घर के बाहर फायरिंग भी हुई थी। इसमें लॉरेंस गैंग का नाम सामने आया था। कुछ दिनों पहले सलमान खान के सबसे अच्छे दोस्त और राज्य के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से सलमान की सुरक्षा का ख्याल और भी सजगता से रखा जाने लगा है।

# मणिपुर हिंसा : थौबल में भारी मात्रा में मिले हथियार, दुष्कर्मी उप सरपंच भी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के थौबल जिले में तलाशी अभियान के दौरान 16 आग्नेयास्त्र, छह 36 एचई ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, गोला–बारूद और एक वॉकी–टॉकी सेट के साथ एक चार्जर बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि यह बरामदगी बुधवार को फुंगी चिंग न्गामुखोंग इलाके में तलाशी के दौरान की गई और इस संबंध में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस के बयान में कहा गया कि पहाड़ी और इंफाल घाटी दोनों में राज्य के विभिन्न जिलों में कुल मिलाकर 107 जांच चौकियां स्थापित की गई हैं और कानूनों के किसी भी उल्लंघन के संबंध में किसी को हिरासत में नहीं लिया गया। इंफाल घाटी स्थित मैतेई और आसपास के पहाड़ी क्षेत्र कुकी–जो समूहों के बीच पिछले साल मई से जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों बेघर हो गए हैं। मणिपुर हिंसा के दौरान लापता मैतेई व्यक्ति को ढूंढने के लिए और अरंबाई टेंगोल के नेता कोरोंगनबा खुमान के खिलाफ एनआईए के मामलों को वापस लेने की मांग की गई। जिसको लेकर बुधवार को इंफाल घाटी के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन हुए। पुलिस ने बताया कि सेना ने सिंह की खोज के लिए ड्रोन, ट्रैकर कुत्तों और 2,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया है। इम्फाल पश्चिम के लाफुपत तेरा, वांगोई और काकचिंग जिले के वबागई तथा काकचिंग खुनौ में प्रदर्शनकारियों ने खुमान के खिलाफ एनआईए के मामलों का विरोध किया। खुमान और कुकी उग्रवादियों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मामले दर्ज किए हैं, जिनमें सुरक्षा बलों पर हमले और आईईडी विस्फोट के मामले शामिल हैं। वहीं इस बीच, टेंग्नौपाल के लीथाओ और मोलथम खुन में मारे गए 13 मैतेई लोगों की पहली पुण्यतिथि इम्फाल पूर्वी जिले के एंड्रो खुनौ तोरोंगथेल कामू कोइरेंग इंटीग्रिटी पार्क में मनाई गई।

# गांधीधाम में फर्जी ईडी टीम का पर्दाफाश, महिला समेत 12 आरोपी गिरफ्तार

कच्छ। गुजरात में अब तक फर्जी डॉक्टर, फर्जी हॉस्पिटल, फर्जी पुलिस, फर्जी जज पकड़े जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अब गुजरात में फर्जी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कानून के हत्थे चढ़ गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि फर्जी ईडी की टीम में एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने महिला समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही नकद समेत 45.82 लाख रुपए का माल–सामान भी जब्त कर लिया। दरअसल फर्जी ईडी अधिकारी बनकर 2 दिसंबर को कच्छ के गांधीधाम इलाके में राधिका ज्वैलर्स और उनके आवासीय घर में एक गिरोह ने हाथ साफ कर दिया था। गिरोह ने खुद को ईडी का अधिकारी बताते हुए सोना, चांदी और नकदी सहित रु. 25,25,225 मूल्य की कीमती चीजें चुरा लीं। घटना के बाद राधिका ज्वैलर्स के मालिक ने गांधीधाम ए डिवीजन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर पुलिस की अलग–अलग टीमों को भुज, गांधीधाम और अहमदाबाद समेत अन्य जगहों पर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान फर्जी ईडी टीम के कुल 12 आरोपियों के खिलाफ सबूत मिले।

# चंद राज्यों में बची कांग्रेस के भीतर सिर फुटव्वल, कर्नाटक में सीएम के पद को लेकर फिर शुरु हो सकती है रार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस का ग्राफ बढ़ाने के हो रहे प्रयास उस वक्त धरे के धरे रह जाते हैं जब पार्टी के भीतर ही असंतोष झलकने लगता है। लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन से थोड़ी उम्मीद जगी थी लेकिन उसके बाद के विधानसभा चुनावों में पार्टी लगातार विफल साबित हो रही है। हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखंड और महाराष्ट्र चारों राज्यों में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में उसकी हालत पतली देखी गई। वह देश के गिने-चुने राज्यों में अपने दम पर सरकार में है। लेकिन वहां भी उसके भीतर का क्लेश थमने का नाम ले रहा है।

कांग्रेस पार्टी इस वक्त देश के तीन राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में अपने दम पर सत्ता में है। इसमें सबसे बड़ा राज्य कर्नाटक है। लेकिन, यहां पार्टी के भीतर ही सिर फुटव्वल हो रहा है। सीएम पद की लड़ाई राज्य के दो बड़े नेताओं में जारी है। यह लड़ाई एक बार फिर सामने आ गई है। बुधवार को राज्य के सीएम सिद्दारमैया ने उन बयानों को खारिज कर दिया जिसमें डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा था कि पार्टी आलाकमान ने राज्य में पावर शेयरिंग का एक फॉर्मूला तैयार करवाया था। और अब पार्टी हाईकमान राज्य के सीएम पद को लेकर फैसला लेगा। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने ये बाते कही थी। दरअसल, 2023 में कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के बाद सीएम पद को लेकर लंबे समय तक विवाद चला था। सिद्दारमैया और डीके शिवकुमार दोनों बड़े दावेदार थे। फिर केंद्रीय नेतृत्व के हस्तक्षेप के बाद दोनों के बीच पावर शेयरिंग का फॉर्मूला तय किया गया। डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री के पद के साथ प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष पद भी दिया गया था। इंटरव्यू में शिवकुमार ने स्पष्ट तौर पर कहा कि 2023 में नई सरकार के गठन से पहले ही उनके और सिद्दारमैया के बीच सीएम पद को लेकर एक समझौता हुआ था।

लेकिन, अब सिद्दारमैया के बयान के बाद शिवकुमार अपने बयान से पलट गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान अंतिम है। हम सीएम और पार्टी के प्रति वफादार हैं। शिवकुमार ने आगे कहा कि अब कोई बहस नहीं है। उधर, कर्नाटक में मंत्रिमंडल के विस्तार या उसमें बदलाव के बारे में पूछे जाने पर सिद्दारमैया ने कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है। मीडिया से सवालिया लहजे में उन्होंने कहा कि यह मेरा विशेषाधिकार है। क्या मैंने आपसे कुछ कहा है? तो फिर क्यों ऐसी बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी फैसला होगा हाईकमान करेगा। गुरुवार को हासन में कांग्रेस की एक रैली है। इस रैली के नाम को लेकर भी विवाद है। पहले इस रैली का नाम 'जन कल्याण समावेश' था। लेकिन इसका नाम बदल दिया गया है। इस बारे में पूछे जाने पर सिद्दारमैया ने कहा कि उनके समर्थन यह रैली कर रहे हैं। इसका नाम स्वाभिमानी ओक्कुटा रखा गया है। कांग्रेस पार्टी इस रैली का समर्थन कर रही है।

# असम में 7 दिसंबर को होगा कैबिनेट विस्तार, चार नए मंत्री होंगे शामिल

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार (5 दिसंबर) को कहा कि कैबिनेट 7 दिसंबर को चार मंत्रियों को शामिल करके होगी। विस्तार से मंत्रिपरिषद में सदस्यों की कुल संख्या 20 हो जायेगी। परिषद के सभी सदस्य भाजपा विधायक हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले वर्तमान मंत्रिमंडल में 16 सदस्यीय मंत्रिपरिषद शामिल है। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि विधायकों को 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर लिखा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि निम्नलिखित सहयोगी 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे हमारे मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में शपथ लेंगे। 1. श्री प्रशांत फूकन, विधायक 2. श्री कौशिक राय, विधायक 3. श्री कृष्णेंदु पॉल, विधायक 4. श्री रूपेश गोला, विधायक। उनमें से प्रत्येक को मेरी शुभकामनाएँ! इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को घोषणा की कि राज्य सरकार ने रेस्तराओं, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गोमांस परोसे जाने और खाने पर रोक लगाने का फैसला किया है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में गोमांस सेवन पर मौजूदा कानून में संशोधन कर नए प्रावधानों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमने रेस्तराओं, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गोमांस परोसे जाने तथा खाने पर रोक लगाने का फैसला किया है।



# वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने अमित शाह से मुलाकात की



*** वायनाड में हुए भूस्खलन के बाद प्रियंका ने केंद्र सरकार से प्रभावित इलाके के लिए मदद मांगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाल ही में भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मुलाकात की घोषणा की है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से वायनाड के लिए विशेष पैकेज की मांग को लेकर मुलाकात की। 30 जुलाई को केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार से प्रभावित इलाके के लिए मदद की अपील की है। भूस्खलन से हुए तबाही में हजारों लोग प्रभावित हुए और बड़े नुकसान में पहुंचे। प्रियंका गांधी ने कहा कि वायनाड के लिए सकारात्मक दिशा में कदम उठाने की जरुरत है। उन्होंने अमित शाह से वायनाड के लोगों की मदद को लेकर सहायता की अपील की है। इस मुलाकात के बाद प्रियंका गांधी ने बताया कि भूस्खलन और बाढ़ से वायनाड को काफी नुकसान हुआ है और वहां के लोगों को राहत फंड की आवश्यकता है। प्रियंका गांधी ने राजनीति को पारे रखते हुए अपील की है कि वायनाड के लोगों को हर संभव मदद मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी वायनाड के पीड़ित लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना था। अब उन लोगों को उम्मीद है कि वे मदद पा सकेंगे। थिम्नेंटजे उपचुनाव में जीत हासिल कर सांसद बनने के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड के लिए उचित मदद की मांग की थी। उनके प्रयासों का सामर्थन करने के लिए वायनाड के लोग उन्हें पूरी तरह से समर्थन दे रहे हैं।

# महाराष्ट्र में महायुति को सत्ता तक पहुंचाने वाली लड़की बहन योजना की होगी जांच

*** खंगाले जाएंगे ढाई लाख आवेदन**




**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में महायुति को सत्ता के शिखर तक पहुंचाने में लड़की बहन योजना का बड़ा योगदान माना जा रहा है। इसी के दम पर महाराष्ट्र चुनाव जीतने का दावा किया गया। अब देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के नए सीएम बनने जा रहे हैं। इसी बीच अब लड़की बहन योजनाओं में खामियों की बात सामने आ रही है। ढाई लाख लाभार्थियों की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस संबंध में मीडिया रिपोर्ट्स के बाद महाराष्ट्र के महिला एंव बाल विकास मंत्रालय की तरफ से सफाई दी गई। रिपोर्ट के अनुसार नई सरकार लड़की बहन के सभी आवेदनों में से 1 प्रतिशत की फिर से जांच करेगी।

विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कि लड़की बहन योजना के कुल 2.5 करोड़ लाभार्थी हैं। फिलहाल कमियों को दूर करने के लिए आवेदनों में से 1 प्रतिशत का ऑडिट करने की योजना है। बाद में चरणबद्ध तरीके से सैंपल की जांच की जाएगी। लड़की बहन योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार मौजूदा समय में महाराष्ट्र की महिलाओं को 1,500 रुपये हर महीने दे रही है। सरकार का प्लान इसे बढ़ाकर 2,100 रुपये करने का है। बताया जा रहा है कि दिसंबर में नई सरकार के तहत योजना को आगे बढ़ाने से पहले ऑडिट पूरा हो जाने की संभावना है।

यह सुनिश्चित किया जाएगा कि टैक्स-पेयर का पैसा केवल वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे। मल्टी-लेवल वैरिफिकेशन सिस्टम को अपनाया जाएगा। एक बहुस्तरीय सत्यापन प्रणाली इस प्रक्रिया को अंजाम देगी। लड़की बहन योजना की एलिजिबिलिटी के लिए भूमि स्वामित्व पर 5 एकड़ की सीमा है। साथ ही फैमिली इनकम 2.5 लाख रुपये तक होना अनिवार्य है। बताया गया कि अप्लाई करने वाली महिलाओं के आयकर प्रमाण पत्र, रिटायरमेंट पेंशन विवरण और वाहन स्वामित्व रिकॉर्ड की जांच की जाएगी। योजना में प्रति परिवार दो महिलाओं को लाभ सीमित किया गया है। सरकार की योजना डोर-टू-डोर सर्वे करने की है। अधिकारियों ने कहा कि यह जांच जरूरी थी। फाइनेंस और डब्ल्यूसीडी विभागों ने सभी आवेदनों की गहन जांच का प्रस्ताव दिया है। अबतक इस योजना के तहत पांच किस्तें दी जा चुकी हैं। दिसंबर के लिए छठी किस्त पहली कैबिनेट बैठक के बाद जमा होने की उम्मीद है। राज्य सरकार ने इस योजना के लिए 36,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्हें स्पेशल सप्लीमेंट्री बजट के जरिए बढ़ी हुई राशि के लिए अतिरिक्त पैसा जारी करना होगा। महाराष्ट्र के वित्त विभाग के अधिकारियों ने कहा कि संभावित धोखाधड़ी के दावों और पैसों के दुरुपयोग की चिंताओं को दूर करने के लिए जिला स्तर पर जांच की जाएगी।

# मैं अपना डीएनए टेस्ट कराने के लिए तैयार, मुख्यमंत्री भी डीएनए की जांच कराएं : अखिलेश यादव



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डीएनए वाले बयान पर समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने डीएनए की जांच करवाने के लिए तैयार हैं बशर्ते मुख्यमंत्री भी अपने डीएनए की जांच कराएं। योगी ने अयोध्या में रामायण मेले के उद्घाटन के बाद विपक्षी दलों पर समाज को बांटने का आरोप लगाया और कहा कि अयोध्या व संभल में मुगल शासक बाबर की सेना ने जो किया और आज जो बांग्लादेश में हो रहा है, उसका डीएनए एक ही है। अखिलेश ने कानपुर में संवाददाताओं से कहा, 'मुझे नहीं पता कि मुख्यमंत्री कितना विज्ञान जानते हैं और उन्होंने कितनी बायोलॉजी पढ़ी है लेकिन मैं उनसे अनुरोध करना चाहता हूं कि उन्हें डीएनए के बारे में बात नहीं करनी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'आपके (मीडिया) जरिए मैं यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि उन्हें डीएनए के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। अगर वह डीएनए के बारे में बात करते हैं तो मैं डीएनए टेस्ट कराने के लिए तैयार हूं और मुख्यमंत्री को भी अपना डीएनए टेस्ट कराना चाहिए।' अखिलेश ने कहा, 'डीएनए की बात करना उन्हें (मुख्यमंत्री योगी को) शोभा नहीं देती। एक संत, भगवा वस्त्र धारण किए एक योगी होने के नाते उन्हें डीएनए के बारे में बात नहीं करनी चाहिए।' अखिलेश यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे।

# उमर अब्दुल्ला का आरोप, सोची समझी साजिश के तहत हमारी मस्जिदों को बनाया जा रहा निशाना



**श्रीनगर (एजेंसी)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आज पार्टी के संस्थापक शेख मुहम्मद अब्दुल्ला को उनकी 119वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अब एक सोची समझी साजिश के तहत हमारी मस्जिदों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। ये बात मैंने बार-बार कही है। उन्होंने आगे कहा कि आप कहते हैं कि आप मुसलमानों का तुष्टीकरण नहीं करेंगे, तो ऐसा न करें, हम तुष्टिकरण नहीं चाहते। लेकिन हमें निशाना मत बनाओ।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमारी मस्जिदों, दरगाहों और जिस तरह हम अपने धर्म का पालन करते हैं उस पर हमला करके आप हमें प्रताड़ित कर रहे हैं और यह वह भारत नहीं है जिसका जम्मू-कश्मीर हिस्सा था। यह वह भारत नहीं है जिसकी हमारे संस्थापकों ने कल्पना की थी। पूर्व सांसद और एनसी विधायक हसनैन मसूदी ने कहा कि यह सब पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम के खिलाफ है। संभल में जो हुआ और अन्य स्थानों पर जो प्रयास किए जा रहे हैं - ये विभाजनकारी ताकतें हैं...ऐसी ताकतें हैं जो लोगों के बीच दरार पैदा करने का प्रयास कर रही हैं। यह राष्ट्रहित में नहीं है।

उमर अब्दुल्ला ने सुखबीर बादल पर हमले को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि कल सुखबीर बादल पर हमले के बाद मैंने उनसे बात की. हमने स्थिति के बारे में बात की, जाहिर है, कुछ चीजें जो उन्होंने मेरे साथ साझा कीं, वे सार्वजनिक उपभोग के लिए नहीं हैं। लेकिन अगर दिन के उजाले में पूर्व उपमुख्यमंत्री पर इस तरह से हमला हो सकता है तो ये चिंता की बात है। जाहिर है, इस पर गौर करने की जरूरत है. यह कैसे हुआ और यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य में ऐसा न हो।

# पाकिस्तान पहुंची अंजू दिल्ली में खरीदना चाह रही घर...नसरुल्ला भी आने को तैयार

*** सभी नियमों का किया पालन, लेकिन बना दिया गया विलेन**

**भिवाड़ी (एजेंसी)।** राजस्थान से पाकिस्तान पहुंची अंजू अब वापस भारत आने और दिल्ली एनसीआर में एक घर खरीदने की तैयारी में हैं। एक साक्षात्कार के दौरान अंजू ने बताया कि, उसने पाकिस्तान टूर के लिए सभी नियमों का पालन किया था, लेकिन उसे विलेन बना दिया गया।

अंजू ने अपनी बात रखते हुए कहा कि पाकिस्तान टूर को लेकर उसके परिवार को ताने दिए गए, जिससे मेरे और मेरे परिवार के बीच दूरियां बढ़ गईं। उसने कहा कि अब वो सिंगल महिला है और उसके बच्चे भी उसके पास हते हुए खुश हैं। इसके साथ ही वह भारत लौटेगी और अब सारे सवाल खत्म हो गए हैं।

यहां बताते चलें कि अंजू तब सुर्खियों में आईं थी जब वह अपने पति और बच्चों को छोड़कर पाकिस्तान में बैठे अपने फेसबुक फ्रेंड से बने प्रेमी नसरुल्ला से मिलने पाकिस्तान पहुंच गई। पाकिस्तान जाकर अंजू ने नसरुल्ला से निकाह किया और अपना नाम फातिमा रख लिया। इसके बाद अंजू जब वापस भारत आईं, तो अपने पाकिस्तान टूर को लेकर तमाम सवालों के जवाब भी दिए। इस बीच एक बातचीत में अंजू ने कहा, कि मेरे परिवार को बहुत कुछ सुनना और सहना पड़ा है, लेकिन अब सब ठीक हो गया है। मैं अब अपने बच्चों के लिए जीना चाहती हूं और उन्हें काबिल बनाना चाहती हूं। अंजू ने कहा कि खुद का घर खरीदने की योजना बना रही हूं, ताकि किसी के अधीन न रहूं। इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ रही है, लेकिन अब परिवार साथ है, तो हर मुश्किल का सामना कर सकती हूं। इसी के साथ अंजू ने कहा कि नसरुल्लह भी पाकिस्तान से भारत आने की तैयारी कर रहे हैं। बावजूद इसके दोनों को ही कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



# एकनाथ शिंदे युग खत्म हुआ, उन्हें किनारे कर दिया गया है... फडणवीस के शपथ ग्रहण से पहले संजय राउत का तंज

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि एकनाथ शिंदे के शासन का युग खत्म हो गया है और दावा किया कि वह फिर कभी इस राज्य के सीएम नहीं बनेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी पर उनका इस्तेमाल करने और किनारे कर देने का आरोप लगाया. ऐसा एक दिन बाद हुआ जब भाजपा ने सर्वसम्मति से महाराष्ट्र में शीर्ष पद के लिए देवेंद्र फड़नवीस को चुना।

संजय राउत ने ने कहा शिंदे युग ख़त्म हो गया, वो सिर्फ़ दो साल के लिए था। उसका प्रयोग है। उन्होंने भाजपा पर अपनी राजनीतिक रणनीति का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये शिंदे की पार्टी भी तोड़ सकते हैं, ये तो हमेशा से बीजेपी रही है। यह सवाल करते हुए कि बहुमत होने के बावजूद महायुति गठबंधन को सरकार बनाने में 15 दिन क्यों लगे, राउत ने सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर संभावित दरार का संकेत दिया और कहा कि यह मुद्दा कल से दिखना शुरू हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि देवेंद्र फडणवीस आज से राज्य के सीएम होंगे। बहुमत होने के बावजूद सरकार बनाने के लिए 15 दिन का समय, राउत ने सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर संभावित दरार का संकेत दिया और कहा कि यह मुद्दा कल से दिखना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वे महाराष्ट्र या देश के हित में काम नहीं कर रहे हैं। वे अपने स्वार्थ के कारण एक साथ आए हैं...लेकिन राज्य भर में लोग चुनाव नतीजों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं, जिससे उन्हें यह मंजूर नहीं है।% फिर भी आज प्रदेश को सीएम मिल रहा है, हम उनका स्वागत करते हैं।

शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मैं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह महाराष्ट्र के लोगों से की गई अपनी सभी प्रतिबद्धताओं पर खरे उतरेंगे। सीएम का चेहरा तय करने में सरकार को 10 दिन से अधिक का समय लग गया...तीनों के बीच इतने सारे मतभेदों को देखते हुए, मुझे उम्मीद है कि महाराष्ट्र के लोगों को परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी की रणनीति अपने राजनीतिक सहयोगियों की पीठ में छुरा घोंपने की रही है। शिरोमणि अकाली दल, शिव सेना...वे (भाजपा) अपनी सुविधा के अनुसार इस्तेमाल करते हैं और फेंक देते हैं।

